
वर्ष : 33 ▸ अंक : 144 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शुक्रवार, 9 अगस्त 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# अलविदा कुश्ती

**विनेश फोगाट ने कुश्ती को कहा अलविदा, पेरिस ओलंपिक में टूटा गोल्ड वाला सपना तो बोलीं - माफ करना, मैं हार गई...**

एजेंसी । नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक 2024 के फाइनल मुकाबले से अयोग्य घोषित की गई भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कुश्ती से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने एक्स पर इसकी जानकारी दी। इससे पहले वह 2 ओलंपिक खेलों में भी कोई पदक नहीं जीत पाईं थी। उन्होंने अपना पहला ओलंपिक साल 2016 में खेला था। विनेश का सिर्फ 100 ग्राम वजन ज्यादा हो गया, जिससे वह फाइनल नहीं खेल पाईं।

### विनेश ने क्या कहा?

विनेश ने एक्स पर लिखा, 'मां कुश्ती मेरे से जीत गई, मैं हार गई। माफ करना आपका सपना मेरी हिम्मत सब टूट चुके इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब, अलविदा कुश्ती 2001-2024, आप सबकी हमेशा ऋणी रहूंगी माफी।' बता दें कि पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनल में क्यूबा की गुजमान लोपेज के खिलाफ विनेश को 5-0 से जीत मिली थी। विनेश को स्वर्ण पदक के लिए मुकाबले में अमेरिका की सारा हिल्डेब्रांट से 7 अगस्त को लड़ना था।

### ये पदक कर चुकी हैं विनेश अपने नाम

विनेश ने एशियाई खेलों में 2 पदक हासिल किए हुए हैं। साल 2018 में जकार्ता में हुए खेलों में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। उससे पहले 2014 में इंचियोन (48 किग्रा वर्ग) में उन्होंने कांस्य पदक अपने नाम किया था। वह सितंबर 2022 में विश्व चैंपियनशिप में 2 पदक (दोनों कांस्य) जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी थी। वह राष्ट्रमंडल खेल में 3 स्वर्ण पदक (2014 , 2018 और 2022 ) जीत चुकी हैं।

### ये पदक भी जीत चुकी हैं विनेश

एशियन चैंपियनशिप में विनेश ने 1 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य पदक जीते हैं। यूथ रेसलिंग चैंपियनशिप में वह रजत पदक जीत चुकी हैं। 2016 के ओलंपिक में वह चोट के कारण बाहर हुईं थी। टोक्यो ओलंपिक में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

- अयोग्य घोषित की गई भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने लिया बड़ा फैसला
- 2 ओलंपिक खेलों में भी नहीं जीत पाईं थीं कोई पदक
- विनेश ने एशियाई खेलों में हासिल किए हुए हैं 2 पदक

न्यूज़ ब्रीफ

## युद्धस्तर पर सड़कों के गड्ढे भरें अधिकारी : सीएम

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई समेत राज्य की तमाम शहरों की सड़कों के टूटने और गड्ढे होने पर कड़ी चेतावनी जारी की है।



मुख्यमंत्री ने ठाणे, पालघर, नासिक, रायगढ़ जिलों में राजमार्गों पर गड्ढों और ट्रैफिक जाम का हल निकालने को कहा है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह ठाणे, पालघर, नासिक, रायगढ़ जिलों से सही ढंग से भारी यातायात को नियंत्रित करें। इतना ही नहीं नासिक, अहमदाबाद हाईवे पर पार्किंग स्थल की व्यवस्था भी करें। सीएम ने कहा कि सड़कों की ठीक करने के लिए एम सिक्सटी टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ रैपिड क्विक सेटिंग हार्डनर, हाईवे पोथोल फिलर से काम पूरा करेंगे। सड़क मरम्मत कार्य को पूरा करके नागरिकों को ट्रैफिक जाम राहत दिलाएं। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार सीएम एकनाथ शिंदे ने नासिक-भिवंडी रोड भी ठीक करने के निर्देश दिए हैं। सड़क के जर्जर होने से ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाएं सामने आई हैं। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि वे मरम्मत कार्य में बाधा डालने वालों पर मुकदमा दर्ज करें। मुख्यमंत्री ठाणे से नासिक, ठाणे से अहमदाबाद हाईवे पर गड्ढों को लेकर मुख्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक जाम से होने वाली समस्याओं से नागरिकों को तत्काल राहत दिलाने के लिए सिस्टम को दिन-रात एक कर गड्ढों को भरें। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि वह शुक्रवार का ठाणे-नासिक हाईवे पर मरम्मत कार्य का निरीक्षण करेंगे। पिछले दिनों महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख ने राज्य की सड़कों और हाईवे का जिक्र करके सरकार पर निशाना भी साधा था।

# वक्फ बिल पर बवाल

- वक्फ संशोधन बिल संयुक्त संसदीय समिति को भेजा
- कांग्रेस समेत 9 पार्टियां विरोध में
- रिजिजू बोले- कई विपक्षी सांसद सपोर्ट में, दबाव में बोल नहीं रहे




एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित एक विधेयक बृहस्पतिवार (08 अगस्त) को लोकसभा में पेश किया था लेकिन सदन में विपक्षी दलों के भारी विरोध को देखते हुए इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने का फैसला किया है। दूसरी तरफ, सरकार ने राज्यसभा से वक्फ संशोधन विधेयक, 2014 को वापस ले लिया है। पिछले 10 सालों में यानी नरेंद्र मोदी की सरकार में ऐसा पहली बार हुआ है, जब सदन में कोई बिल पारित होने से अटका हो और उसे जेपीसी में भेजा गया हो।

### केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पेश किया था बिल

वक्फ कानून (संशोधन) बिल को केंद्र सरकार ने गुरुवार, 8 अगस्त को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेज दिया। इससे पहले, लोकसभा में इसे केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पेश किया था। चर्चा के दौरान उन्होंने बिल को JPC के पास भेजने का भी प्रस्ताव रखा। इस बिल का कांग्रेस, सपा, NCP (शरद पवार), AIMIM, TMC, CPI (M), IUML, DMK, RSP ने विरोध किया था। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल राव ने कहा- सरकार कम्युनिटीज के बीच में विवाद पैदा करना चाहती है। AIMIM सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, इस बिल को लाकर आप (केंद्र सरकार) देश को जोड़ने का नहीं, बल्कि बांटने का काम कर रहे हैं। यह विधेयक इस बात का सबूत है कि आप मुसलमानों के दुश्मन हैं। रिजीजू ने कहा कि कई विपक्षी सांसद इस बिल के सपोर्ट में हैं। अलग अलग आते हैं और सपोर्ट करते हैं, लेकिन पार्टी के कारण नही बोल सकते। इस पर अमित शाह ने बीच में बोला कि सांसदों का नाम नहीं बताना जिस पर सभी हंस पड़े। किरेज रिजिजू ने कहा- वक्फ एक्ट में पहले भी संशोधन हुए हैं। हम सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर बदलाव कर रहे हैं। इस कमेटी को आपने (कांग्रेस) ही बनाया था।

### संशोधन बिल पास होने के बाद क्या होगा ?

वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन बिल पास होने के बाद वक्फ बोर्ड किसी भी संपत्ति को अपना नहीं बता सकेगा। अभी वक्फ के पास किसी भी जमीन को अपनी संपत्ति घोषित करने की शक्ति है। जमीन पर दावे से पहले उसका वेरिफिकेशन करना होगा। इससे बोर्ड की मनमानी पर रोक लगेगी। बोर्ड के पुनर्गठन से बोर्ड में सभी वर्गों समेत महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ेगी। मुस्लिम बुद्धिजीवी, महिलाएं और शिया और बोहरा जैसे समूह लंबे समय से मौजूदा कानूनों में बदलाव की मांग कर रहे हैं।

### वक्फ की संपत्ति का लेखा-जोखा




**8.7** लाख से अधिक संपत्ति वक्फ के नियंत्रण में

**1.2** लाख करोड़ रुपये वक्फ के संपित्तियों की अनुमानित कीमत

**9.4** लाख एकड़ में फैली है वक्फ की संपत्ति

**200** लोगों के हाथ में वक्फ बोर्डों का नियंत्रण

**1923** में बना वक्फ से जुड़ा पहला कानून

**2013** में बदली गई वक्फ की परिभाषा

### वक्फ संशोधन बिल के विरोध में किसने-क्या कहा?

हम हिंदू हैं लेकिन साथ ही हम दूसरे धर्मों की आस्था का भी सम्मान करते हैं। यह बिल महाराष्ट्र, हरियाणा चुनावों के लिए खास है। आप यह नहीं समझते कि पिछली बार भारत की जनता ने आपको साफ तौर पर सबक सिखाया था। यह संघीय व्यवस्था पर हमला है।

**- कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल**

पब्लिक प्रॉपर्टी नहीं है। वक्फ प्रॉपर्टी का मतलब मस्जिद और दरगाह की जगह है। सरकार कह रही है कि हम महिलाओं को मैंबर बनाएंगे। क्या वे बिलकिस बानो को मैंबर बनाएंगे। यह सरकार मुसलमानों की दुश्मन है।

**-सांसद असदुद्दीन ओवैसी**

इस बिल को या तो वापस ले लें या इसे स्टैंडिंग कमेटी के पास भेज दें। किसी से सलाह लिए बिना एजेंडा आगे न बढ़ाएं। बिल का ड्राफ्ट सांसदों के पास पहुंचने के पहले मीडिया में पहुंचा। इस पर स्पीकर ओम बिड़ला ने बताया कि 6 अगस्त को बिल सांसदों के पास भेजा गया था। सांसद पोर्टल चेक करें।

**- NCP (SP) सांसद सुप्रिया सुले**

### वक्फ संशोधन बिल के समर्थन में किसने-क्या कहा...

इस बिल को मुसलमान विरोधी बताने की कोशिश की जा रही है। यह बिल मुस्लिम विरोधी नहीं है। यह बिल मस्जिदों पर लागू करने के लिए नहीं है। एक निरंकुश संस्था को कानून में बांधने के लिए लाया जा रहा है।

**- जेडीयू सांसद और केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ललन सिंह**

यह बिल मुस्लिमों और महिलाओं के हित में है। इसे वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता के लिए लाया गया है।

**- तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सांसद जीएम हरिश बालयोगी**

देश में एक ही कानून चलेगा। आपको अलग कानून की जरूरत क्यों है। ये संविधान के नाम पूरे देश में भ्रम फैला रहे हैं। इस बिल में महिला की भागीदारी भी होगी।

**- शिवसेना (शिंदे गुट) के सांसद श्रीकांत शिंदे**

# एसआरए ने एक साल में बिल्डरों से वसूले 700 करोड़

दीपक पवार । मुंबई

स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए), झोपड़पट्टियों में रहने वालों के जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए काम करता है। एसआरए योजना के तहत जब झोपड़पट्टी की जगह बिल्डिंग का निर्माण किया जाता है, उस वक्त जिसके तहत डेवलपर को नई परियोजनाएं स्वीकार करते समय 2 साल का अग्रिम किराया चेक (डीडी) और तीसरे वर्ष का पोस्ट डेटेड चेक (पीडीसी) जमा करना अनिवार्य कर दिया गया था। यही वजह है कि जुलाई 2023- 24 के बीच इस योजना के तहत 700 करोड़ से अधिक



योजना में पात्र झोपड़ी धारकों को किराया देना अनिवार्य होता है। लेकिन कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि बिल्डरस शुरुआत में किराया देते है, लेकिन कुछ समय बाद किराया देना बंद कर देते है। इसलिए प्राधिकरण ने किराया वसूली को लेकर अभियान शुरू किया था, जिसके तहत 25 नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए थे। साथ ही एसआरए ने परिपत्र 210 जारी किया था,

### नियुक्त किये गए थे 25 नोडल अफसर

किराया एकत्र किया गया है। उसके माध्यम से झुग्गीवासियों को प्राधिकरण के माध्यम से किराये का वितरण किया जा रहा है। साथ ही किराया नहीं देने वाले डेवलपर के खिलाफ भी प्राधिकरण धारा 13(2) के तहत डेवलपर को हटाने की कार्रवाई कर रहा है।

**किराया नहीं मिलने पर की जा सकती है ऑनलाइन शिकायत :** एसआरए ने झोपड़ीधारकों को किराया नहीं मिलने पर शिकायत करने का ऑनलाइन विकल्प दिया है। कुछ दिनों पहले ही इसकी शुरुआत की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, योजना में बकाया किराये की समीक्षा के लिए प्राधिकरण ने सरकार की सूची में प्रमाणित लेखा परीक्षकों को अधिकृत किया है और उनके माध्यम से संगठन में जाकर बकाया किराये की समीक्षा की जा रही है।

## महायुति के तीन सहयोगी मौजूदा सीटों पर उम्मीदवार बरकरार रखेंगे : अजित पवार

**नासिक।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे का फार्मूला तय करते समय राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल तीन दल उन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे जहां से उनके मौजूदा विधायक हैं। पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शिवसेना और भाजपा के साथ 'महायुति' गठबंधन का हिस्सा है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'हर पार्टी को वे सीट मिलेंगी, जितनी वर्तमान में उसके पास हैं। अगर सीट की अदला-बदली की जरूरत पड़ी तो सभी दल इसके लिए तैयार हैं। सीट बंटवारे के फार्मूले को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा।'

# महाराष्ट्र की राजनीति को लेकर दिल्ली में घेराबंदी

**सोनिया गांधी से आधे घंटे की चर्चा के बाद केजरीवाल के परिवार से मिले उद्धव ठाकरे**

एजेंसी । नई दिल्ली

**मुंबई/नई दिल्ली।** अपने तीन दिवसीय दिल्ली दौरे के आखिरी दिन गुरुवार को शिवसेना यूबीटी के चीफ और महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे जहां एक ओर सपरिवार कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने उनके सरकारी आवास दस जनपथ पहुंचे, वहीं दूसरी ओर उन्होंने गुरुवार की सुबह दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल व उनके माता-पिता से मुलाकात की। लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार दिल्ली



आए ठाकरे अपने इस दौरे में इंडिया घटक दल के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। हालांकि शिवसेना की ओर से यह दौरा और राजनीतिक मुलाकातें शिष्टाचारगत बताई जा रही हैं। उनकी यह मुलाकात आगामी महाराष्ट्र चुनाव बेहद अहम मानी जा रही हैं। सोनिया गांधी के घर ठाकरे अपने बेटे आदित्य ठाकरे और पत्नी रश्मि ठाकरे के साथ पहुंचे। उनके बीच यह मुलाकात आधे घंटे से ज्यादा की रही। कहा जाता है कि इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

सूत्रों के मुताबिक, महाविकास अघाड़ी का हिस्सा बनने के बाद उद्धव ठाकरे यूं तो कांग्रेस के तमाम नेताओं के व्यवहार व रुख से बेहद प्रभावित दिखते हैं, खासकर सोनिया गांधी के व्यवहार और रुख से वह अभिभूत हैं। बताया जाता है कि ठाकरे का मानना है कि उनके मुश्किल वक्त में एनसीपी- शरद पवार व कांग्रेस सोनिया गांधी का रवैया हमेशा बेहद सहयोगात्मक रहा है।

### सुनीता केजरीवाल से मिले उद्धव

सोनिया गांधी से मिलने से पहले ठाकरे ने जेल में बंद दिल्ली के सीएम के घर जाकर अरविंद केजरीवाल के प्रति अपनी एकजुटता दर्शाई। केजरीवाल के घर पहुंचे ठाकरे के साथ उनके बेटे आदित्य ठाकरे व राज्यसभा सांसद संजय राउत भी थे। इस मुलाकात के दौरान केजरीवाल के परिवार के अलावा, आम आदमी पार्टी की ओर से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और राघव चड्ढा भी मौजूद थे। इस मुलाकात के बाद आप सांसद संजय सिंह ने मीडिया में कहा कि सुनीता केजरीवाल और ठाकरे के बीच देश के मौजूदा हालात, राजनीति व तानाशाही पर चर्चा हुई। संजय सिंह का कहना था कि वह यहां केजरीवाल की पत्नी, उनके माता-पिता और बेटी से मिलने आए थे। मौजूदा हालात और तानाशाही के मुद्दे पर चर्चाएं हुईं।

# न लोन होगा सस्ता और न ही कम होगी ईएमआई

**ब्याज दरों में लगातार 9वीं बार बदलाव नहीं, आरबीआई ने रेपो रेट 6.5% पर बरकरार रखी**




एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने लगातार 9वीं बार ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। RBI ने ब्याज दरों को 6.5% पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी EMI भी नहीं बढ़ेगी। RBI ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25% बढ़ाकर 6.5% की थीं। 6 अगस्त से चल रही मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (MPC) की मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज यानी गुरुवार को दी। ये मीटिंग हर दो महीने में होती है। RBI ने इससे पहले जून में हुई बैठक में ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। RBI की MPC में छह सदस्य हैं। इसमें बाहरी और RBI अधिकारी दोनों हैं। गवर्नर दास के साथ, RBI के अधिकारी राजीव रंजन, कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं और माइकल देबब्रत पात्रा डिप्टी गवर्नर हैं। शशांक भिड़े, आशिमा गोयल और जयंत आर वर्मा बाहरी सदस्य हैं।

### चेक अब कुछ ही घंटों में क्लियर होंगे

UPI-बेस्ड टैक्स पेमेंट के लिए ट्रांजैक्शन की लिमिट 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए प्रति ट्रांजैक्शन कर दी गई है। वहीं रिजर्व बैंक गवर्नर ने कहा कि चेक क्लियरिंग का समय घटाया जाएगा। चेक जमा होने के कुछ घंटे में ही अब चेक क्लियर होंगे।

# प्रेम प्रसंग के चलते 19 साल की लड़की की हत्या, लड़का लापता

तलाश में जुटी मुंबई पुलिस

**दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई**

नवी मुंबई में प्रेम प्रसंग के चलते एक 19 वर्षीय लड़की की हत्या का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक एक 19 वर्षीय लड़की का शव सीवुड के पीछे एक झील में मिलने से आसपास के लोगों के बीच हड़कंप मच गया। बुधवार शाम को करीब साढ़े चार बजे झील में मछली पकड़ रहे मछुआरों ने लड़की के शव को देखा और पुलिस को इसकी जानकारी दी थी। यह शव नेरुल की जूनियर कॉलज की छात्रा भाविका मोरे का है।

## सीसीटीवी फुटेज आया सामने



प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि वह पनवेल के 22 वर्षीय लड़के स्वस्तिक पाटिल से प्यार करती थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, प्रथम दृष्या में सामने आया है कि लड़की की मौत गला घोंटने की वजह से हुई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मौत के सही कारण के बारे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा। जब पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो उन्हें पता चला कि शाम को 4 बजे के आसपास बाइक पर युवक और युवती झील की ओर जाते हुए नजर आए थे। हालांकि, लड़के को वापस लौटते हुए नहीं देखा गया। इस वजह से आशंका जताई जा रही है कि लड़की की हत्या के बाद लड़का भी झील में कूद गया होगा।

## रिलेशनशिप में थे युवक और युवती

झील, समुद्र की खाड़ी से जुड़ी हुई है और इसलिए माना जा रहा है कि शव समुद्र में बह कर बहुत दूर चला गया होगा। स्थानीय मछुआरों की मदद से नवी मुंबई पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों रिलेशनशिप में थे और पुलिस को लग रहा है कि दोनों के बीच किसी वजह से लड़ाई हुई होगी। वहीं लड़की की मौत हो गई है और लड़के का पता नहीं चल पा रहा है इसलिए सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## कुछ समय पहले ऐसा ही एक और मामला आया था सामने

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही रायगढ़ के उरण की 20 वर्षीय यशश्री शिंदे की हत्या का मामला सामने आया था, जिसने मुंबई के लोगों को झकझोर कर रख दिया था और इसके बाद अब इसी तरह का एक और मामला सामने आया है।

गढ़चिरौली विस्फोट मामला

# आरोप तय करने के लिए कथित नक्सली कार्यकर्ता के खिलाफ सबूत हैं : कोर्ट



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

बंबई उच्च न्यायालय ने वर्ष 2019 के गढ़चिरौली विस्फोट मामले में कथित नक्सली कार्यकर्ता सत्यनारायण रानी को आरोपमुक्त करने से इनकार करते हुए कहा कि उसके खिलाफ सबूत पेश किए गए हैं। इस हमले में 15 पुलिसकर्मियों और एक आम नागरिक की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 10 जुलाई को 73 वर्षीय रानी की उस अपील को खारिज कर दिया था जिसमें अगस्त 2021 के विशेष अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि उसे रानी को मामले से आरोपमुक्त करने से इनकार करने वाले विशेष अदालत के आदेश में कोई खामी नजर नहीं आती।

## क्या है आदेश में?

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि मामले में दायर आरोपपत्र से पता चलता है कि रानी सहित अन्य आरोपी एक प्रतिबंधित संगठन के सदस्य थे और उन्होंने भारत में सरकार को अस्थिर करने तथा उखाड़ फेंकने की साजिश रची थी। इसने कहा कि सबूतों के अवलोकन से रानी के अन्य सह-आरोपियों के साथ एक बड़ी साजिश और उस बैठक में शामिल होने का पता चलता है जहाँ 40 नक्सलियों के मारे जाने का बदला लेने के लिए सुरक्षाबलों पर घात लगाकर हमला करने की योजना बनाई गई।

रानी की अपील खारिज करने वाले उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति बृहस्पतिवार को उपलब्ध कराई गई।

# आरटीआई कार्यकर्ता ने की ख़ुदकुशी की कोशिश

▶▶ अनाधिकृत निर्माण पर कार्रवाई से आहत था आरटीआई कार्यकर्ता

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**



उल्हासनगर के एक आरटीआई कार्यकर्ता श्रीकृष्ण मानकर ने उल्हासनगर मनपा अतिरिक्त आयुक्त के केबिन में फिनायल पीकर जान देने का प्रयास किया। उल्हासनगर चार के पवई परिसर में रहने वाले आरटीआई कार्यकर्ता ने एक अवैध निर्माण को तोड़ने को लेकर मनपा को कई बार शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। मानकर ने आरोप लगाते हुए कहा कि असिस्टेंट कमिश्नर ने अनाधिकृत झुग्गियां बसाने के लिए 5 लाख रुपये लिए हैं, इसलिए कई बार शिकायत के बाद भी अवैध निर्माण कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मनपा प्रशासन द्वारा शिकायत पर कोई ध्यान नहीं देने से नाराज होकर 8 अगस्त की दोपहर मनपा मुख्यालय में श्रीकृष्ण मानकर ने यह कदम उठाया है।

## प्रशासन ने मामले में जांच का आदेश दिया

घटना के बाद श्रीकृष्ण मानकर को तुरंत उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया ।डॉक्टरों ने इस बारे में 24 घन्टे तक कुछ कहा नहीं जा सकता है ।24 घन्टे के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इस दिल दहला देने वाली घटना से उल्हासनगर शहर में खलबली मच गई है। प्रशासन की इस भूमिका के खिलाफ नागरिकों में नाराजगी का माहौल है। प्रशासन ने मामले में जांच का आदेश दिया है।

# अवैध दवाओं में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल जब्त

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे जिले में एक कारखाने से पशुओं के इलाज के लिए अवैध तौर पर बनाई जाने वाली दवाइयों में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल बरामद किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कच्चे माल की कीमत 12.4 लाख रुपये है। इसने बताया कि इस संबंध में कारखाने के मालिक सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। भोईवाड़ा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने सोमवार को भिवंडी शहर के रोशन बाग-फैजान कंपाउंड स्थित कारखाने पर छापा मारा। उन्होंने कहा कि कारखाने से 12.4 लाख रुपये मूल्य का कच्चा माल बरामद किया गया है, जिसमें रसायन और अन्य सामग्री शामिल है।

# उल्हासनगर में हर घर तिरंगा अभियान

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**



उल्हासनगर शहर में 9 से 15 अगस्त 2024 तक विभिन्न जगहों पर देशभक्ति कार्यक्रम योजित किया गया हैं।इस दौरान विशेष आयोजनों का मुख्य आकर्षण 'हर घर तिरंगा' अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान 9 अगस्त को मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और संस्कृति मंत्री की उपस्थिति में अगस्त क्रांति मैदान में शुरू किया जाएगा। इसी तरह मनपा आयुक्त अजीज शेख ने पूरे उल्हासनगर शहर के नागरिकों से इस अभियान में शमील होकर अपने घरों पर झंडा लगाने की अपील की है।


## 13 से 15 अगस्त हर घर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान

सरकार ने इस अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का निर्देश दिया है। इस वजह से अपने घर पर तिरंगा फहराकर देशभक्ति की भावना व्यक्त करनी चाहिए। उल्हासनगर मनपा की ओर से जन प्रतिनिधियों, मीडिया, सरकारी और अर्ध-सरकारी प्रतिष्ठानों से ₹हर घर तिरंगा₹अभियान में भाग लेने का अनुरोध किया गया है। उल्हासनगर के नागरिकों को इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और तिरंगे झंडे को खरीदकर अपने घर पर लगाना चाहिए। साथ ही 13 से 15 अगस्त के बीच राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराते हुए एक सेल्फी harghartiranga lcom वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। साथ ही मनपा आयुक्त अजीज शेख ने विश्वास जताया है कि इस गतिविधि के माध्यम से उल्हासनगर के नागरिकों में देशभक्ति की भावना मजबूत होगी और अपने में देशभक्ति की भावना जागृत होगी।

# तीन माह से परिजनों की तलाश कर रही पुलिस

## अज्ञात लाश का शिनाख्त बना सिरदर्द

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**



भिवंडी की नारपोली पुलिस द्वारा स्थानीय मानकोली इलाके में अप्रैल माह में बरामद लावारिश लाश की शिनाख्त पुलिस के लिए सिरदर्द साबित हो रहा है। क्योंकि लाख कोशिश के बावजूद पुलिस को मृतक के परिजनों का कुछ पता नही चल रहा है।

नारपोली पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक सोमनाथ कर्णवर पाटील ने बताया कि मुंबई नाशिक हाइवे पर स्थित मानकोली नाके से 1 किमी की दूरी पर एक व्यक्ति की लाश को पुलिस ने 29 अप्रैल 2024 को रात 11 बजे बरामद किया था, जिसके बाद पुलिस ने मृत्यु पंजीकरण क्रमांक 75/2024 में आकस्मिक मौत का केस दर्ज कर लाश में बारे में जानकारी जुटाने में जुट गई। उन्होंने बताया कि लाश की स्थिति सहित न होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो रही थी। लेकिन मृतक व्यक्ति की उम्र लगभग 45 वर्ष व लंबाई 5 फीट 5 इंच है और वह लाल रंग का टी शर्ट व जींस पहने हुआ था। लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पा रही है।

# 27 गांव के सफाई कर्मचारी 12 अगस्त से काम बंद हड़ताल पर

**दोपहर संवाददाता । कल्याण**

1 जून 2015 को कल्याण डोंबिवली मनपा में 27 गांवों को शामिल किया गया था। नौ साल बाद भी इस गांव में कार्यरत ग्राम पंचायत के सफाई कर्मियों को मनपा की सेवा में शामिल नहीं किया गया है। महानगर सफाई कर्मचारी संघ की ओर से 9 सालों से लगातार इस मुद्दे पर प्रयास की जा रही है, लेकिन अभी तक इन कर्मचारियों को मनपा की सेवा में शामिल नहीं किया गया है, जिसके विरोध में 27 गांवों के सफाई कर्मचारियों ने 12 अगस्त को काम बंद कर हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | सहा.आयुक्त 'एल' वार्ड |
| अनुभाग | चिकित्सा अधिकारी 'एल' वार्ड |
| बोली नं. | 2024_एमसीजीजी_1067065 |
| विषय | एल वार्ड में मुस्लिम कब्रिस्तानों के लिए लकड़ी के तख्तों की आपूर्ति |
| फार्मों की बिक्रीः- | दिनांक 09/08/24 को 08.00 बजे से |
| | दिनांक 16/08/24 को 2 बजे तक |
| वेबसाइट | http.//portal.mahatender.gov.in |
| संपर्क अधिकारी | एमओएच 'एल' वार्ड |
| अ) नाम | श्री. शैलेंद्र गुजर |
| ब) टेलीफोन | 022-26505103 |
| स) मोबाइल नंबर | 9967029156 |
| द)ईमेल आईडी | ac.l@mcgm.gov.in |

हस्ता./
चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी 'एल' वार्ड

पीआरओ/873/विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### वृक्ष प्राधिकरण
### - सार्वजनिक सूचना-

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (1 जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में **परिमंडल-3** के अंदर **के/पूर्व** विभाग से **02** प्रस्ताव और **एच/पश्चिम** विभाग से **02** यानी कुल 4 प्रस्ताव वृक्षों को हटाने के लिए मनपा आयुक्त/अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी)/ की मंजूरी के लिए प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के www.mcgm.gov.in वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका - गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण - वृक्ष प्राधिकरण सार्वजनिक सूचना - सार्वजनिक सूचना 7 दिन - 316 - जोन-III वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में नागरिकों की कुछ आपत्तियां व सुझाव आने पर इस विज्ञापन के छपने से 7 दिन के अंदर लिखित स्वरूप में निर्धारित प्रारूप में उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में पेश किया जाए।

उसी तरह आप अपनी आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में **dysg.ta@mcgm.gov.in** ईमेल आईडी पर जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय पर पेश की गई आपत्तियों/सुझाव पर विचार किया जाएगा। उक्त तिथि के बाद प्राप्त ईमेल या लिखित सुझाव/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त सुझाव और आपत्तियों के संबंध में सुनवाई 21/08/2024 के दिन उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दोपहर को 4.30 से 5.00 बजे के दरम्यान किया जाएगा। जो लोग इस सुनवाई में उपस्थित होना आवश्यक समझते हैं वे उपस्थित रह सकते है वे ई-मेल, सुझाव/आपत्तियों की एक प्रति के साथ।

उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण अधिकारी, वृक्ष अधिकारी का कार्यालय,
पेंग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,
भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.
टेली नं.-23742162
ईमेल- dysg.ta@mcgm.gov.in

हस्ता.
उद्यान अधीक्षक व
वृक्ष प्राधिकरण

पीआरओ/878/विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

# मनाई गई उल्हासनगर स्थापना की 75वीं वर्षगांठ

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर शहर के लिए 8 अगस्त का दिन गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक दिवस होता है। गुरुवार को शहर में उल्हासनगर का 75वां स्थापना दिवस मनाया गया। उल्हासनगर वासी इस दिन को पिछले कई सालों से धूमधाम से मनाते हैं। तत्कालीन गवर्नर जनरल ऑफ इंडिया सी राजगोपालाचारी के शुभ हाथों 8 अगस्त 1949 को स्थापना दिन की शिलालेख रखी गई थी। महाराष्ट्र राज्य का उल्हासनगर एक ऐसा पहला शहर है जिसका अपना स्थापना दिन है और शहरवासी इस दिन के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का भी आयोजन करते रहे है। उल्हासनगर का स्थापना शिलालेख स्थल मनपा मुख्यालय के पीछे स्थित स्विमिंग पुल अर्थात विराट अंबे स्पोर्ट्स क्लब में है। शिलालेख स्थल पर आकर शहरवासी आस्था व श्रद्धा से पुष्प चढ़ाते है।



## महेश सुखरामानी को किया गया सम्मानित



उल्हासनगर शहर के 75वें स्थापना दिवस पर द आइडियल इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड व प्राइम वर्ल्ड रिकॉर्ड में महेश सुखरामानी का नाम दर्ज किया गया है और उनको सर्टिफिकेट व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया है। पिछले उल्हासनगर स्थापना दिवस पर महेश सुखरामानी फाउंडेशन द्वारा 2 किलोमीटर तक तिरंगा झंडा निकल गया था यह अपने आप में सबसे बड़ा झंडा था। इसलिए महेश सुखरामानी को उल्हासनगर शहर के 75वें स्थापना दिवस पर उल्हासनगर महानगरपालिका के स्विमिंग पूल में सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर 8 अगस्त को सम्मानित किया गया। इस मौके पर उल्हासनगर मनपा आयुक्तअजीज शेख, उल्हासनगर विधायक कुमार अयलानी, अंबरनाथ विधायक बालाजी किनिकर, मनपा के अन्य अधिकारी व कर्मचारी सहित उल्हासनगर के अन्य नेता उपस्थित थे। यह कार्यक्रम उल्हासनगर केम्प 3 विराट अम्बे स्पोर्ट्स क्लब में 8 अगस्त 2024 को रखा गया था और उल्हासनगर शहर का 75वा स्थापना दिवस महेश सुखरामानी के सहयोग से बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

## उल्हासनगर स्थापना दिवस कार्यक्रम में भड़के राजेंद्र चौधरी

उल्हासनगर शहर के स्थापना दिवस के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में शिव सेना शिंदे गट के पूर्व शहर व महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी ने शहर की सड़कों की खराब हालत को लेकर अपना गुस्सा जाहिर किया है। 75 वा स्थापना दिन के इस अहम पल में उन्होंने पीडब्लूडी,एमएमआरडीए और मनपा प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। राजेंद्र चौधरी ने कहा, 'हालांकि शहर में एमएमआरडीए द्वारा 7 सड़कों का काम शुरू हो चुका है, लेकिन वे सड़कें पूरी तरह से खस्ताहाल हैं। ठेकेदार द्वारा बहुत घटिया काम किया है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजेंद्र चौधरी ने कहा की "शहर के विकास के लिए बेहतरीन सड़क कार्यों का होना बहुत जरूरी है। लेकिन ठेकेदारों द्वारा घटिया काम के कारण नागरिकों के दैनिक जीवन में काफी कठिनाई उत्पन्न हो रही है। प्रशासन को इस मुद्दे को तुरंत हल करने की जरूरत है।" चौधरी ने शहर की सड़कों की दुर्दशा को लेकर ठेकेदार और उल्हासनगर मनपा प्रशासन की कड़े शब्दों में आलोचना की। उनके मुताबिक नागरिकों की समस्याओं के समाधान और सड़क का काम गुणवत्तापूर्ण कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

# 50 निवेशकों से 10 करोड़ रुपए ठगने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**



ठाणे जिले में निवेश करने पर अधिक मुनाफा मिलने का लालच देकर लगभग 50 लोगों से 10 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में छह व्यक्तियों और उनकी कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने अक्टूबर 2016 से मार्च 2024 के बीच इन लोगों को निवेश करने पर 14 से 18 प्रतिशत का लाभ मिलने का आश्वासन देकर ठगा। डोंबिवली पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों ने जब पैसा निवेश किया तो आरोपियों ने शुरू में तो उन्हें मुनाफे की राशि दी, लेकिन बाद में उन्हें कोई राशि नहीं दी। पुलिस ने बताया कि पड़ोसी रायगढ़ जिले के मानगांव के एक किसान से कथित तौर पर 51.8 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई। इसी तरह से करीब 50 निवेशकों से 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की गई।

# 52 सफाई कर्मियों के वारिसों को प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र




**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी निजामपुर शहर महानगर पलिका में पिछले पौने दो वर्षों से लंबित सफाईकर्मी उत्तराधिकारियों का मामला सुलझ गया है और गुरुवार को मनपा मुख्यालय के स्वर्गीय विलास राव देशमुख सभा गृह में 52 सफाईकर्मी उत्तराधिकारियों को नियुक्ति पत्र आयुक्त अजय वैद्य का शुभ हाथों से दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके, मुख्यालय उपायुक्त नयना सासने, सामान्य प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त अजीत महाडिक, जनसंपर्क अधिकारी मिलिंद पलसुले, अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कांग्रेस एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चरण सिंह टाक उपस्थित थे।

# मतदाताओं की संख्या सात लाख से अधिक बढ़ी

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या 2024 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 7.3 लाख से अधिक हुई है। संशोधित मतदाता आंकड़ा मसौदा सूची में यह जानकारी दी गई। इस वर्ष की शुरूआत में हुए लोकसभा चुनाव से पहले मतदाता संख्या 9, 29,43,890 थी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी संशोधित आंकड़ों के अनुसार मतदाताओं की संख्या बढ़कर 9,36,75,934 हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या क्रमशः 4,83,12,428 और 4,50,17,066 थी, जिसमें 3,40,660 और 3,91,324 की वृद्धि हुई है।

दो बजे
# दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** साहस भय का मुखौटा है : जॉन ड्राइडन

## ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के सदस्यों ने की कांग्रेस अध्यक्ष नाना पाटोले से मुलाकात



**मुंबई।** ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के सदस्यों ने गुरुवार को मुंबई दादर स्थित तिलक भवन कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष नाना भाऊ पाटोले से मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र से अल्पसंख्यकों को आबादी के लिहाज से प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। उलेमा बोर्ड के सदस्यों ने अपनी मांग को दोहराते हुए विधान सभा चुनाव में अल्पसंख्यकों को राज्य की 30 सीटें देने की मांग करते हुए विशेष रूप से भिवंडी शहर की पूर्व और पश्चिम दोनों सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारने की मांग पर जोर दिया है।

इस अवसर पर ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, मौलाना नौशाद सिद्दीकी, ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड राष्ट्रीय महासचिव मौलाना बोनाई हसनी, ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांगों को खराब ई-रिक्शा देने पर गुस्साए विधायक ओमप्रकाश कडू



**कर्मचारी को जड़ा थप्पड़**

**मुंबई/अचलपुर।** महाराष्ट्र के अचलपुर से निर्दलीय विधायक और पूर्व मंत्री ओमप्रकाश बाबाराव कडू उर्फ बच्चू कडू ने ई-रिक्शा निर्माता कंपनी के एक कर्मचारी को थप्पड़ जड़ दिया। आरोप है कि कंपनी द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों को खराब ई-रिक्शा प्रदान किए गए हैं। अचलपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक और प्रचार जनशक्ति पार्टी के प्रमुख एक रैली में सम्मिलित होने के लिए छत्रपति संभाजीनगर आए हुए थे। इस बीच कुछ दिव्यांग लोगों ने अचलपुर विधायक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शिकायत की कि सरकारी योजना के तहत उन्हें खराब ई-रिक्शा प्रदान किए गए हैं। इस दौरान मौके पर ई-रिक्शा निर्माता कंपनी का एक कर्मचारी भी मौजूद था। बताया गया है कि इसके बाद बातचीत के दौरान विधायक को एक व्यक्ति को थप्पड़ जड़ते हुए देखा गया।

### हां मैंने कर्मचारी को थप्पड़ मारा: विधायक

जब ओमप्रकाश बाबाराव कडू से इस बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, 'हां, मैंने कंपनी के एक कर्मचारी को थप्पड़ मारा है। कंपनी ने सरकारी योजना के तहत दिव्यांग जनों को ई-रिक्शा प्रदान किए थे। वहां कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी को आना चाहिए था लेकिन, उन्होंने एक ऐसे आदमी को भेज दिया, जिसे ई-रिक्शा के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं है।' उन्होंने आगे कहा, मैंने खुद एक ई-रिक्शा की सवारी की और देखा कि इसमें समस्या थी। उधर, इस मामले में अभी तक किसी भी व्यक्ति द्वारा पुलिस में मामला दर्ज नहीं कराया गया है।

## कांस्टेबल के बेटे ने हत्या मामले की जांच में मदद की



**मुंबई।** मुंबई पुलिस के एक कांस्टेबल के बोलने और सुनने में असमर्थ बेटे ने अपने जैसी समस्या से पीड़ित आरोपी से सांकेतिक भाषा में पूछताछ करके हत्या मामले की जांच में मदद की है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पांच अगस्त को दादर रेलवे स्टेशन पर एक ट्रॉली बैग में 30 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने के बाद जांच शुरू हुई थी। मृतक की पहचान अरशद अली सादिक अली शेख के रूप में हुई थी। उन्होंने बताया कि दादर रेलवे पुलिस को हालांकि परेशानी का सामना करना पड़ा क्योंकि आरोपी जय चावड़ा बोलने और सुनने में असमर्थ है और अपराध के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए उससे पूछताछ करने में परेशानी हो रही थी। अधिकारी ने कहा, "हम साधना विद्यालय का पता मांग रहे थे, जो बोलने और सुनने में असमर्थ बच्चों का एक स्कूल है। हमें जांच के दौरान सांकेतिक भाषा आदि का उपयोग करके आरोपी से बात करने के लिए किसी व्यक्ति की आवश्यकता थी।"

### ऐसे की मदद

स्कूल का पता लगाने की कोशिश करते समय जांच दल की मुलाकात वडाला में गश्त ड्यूटी पर तैनात आरएके मार्ग थाने के कर्मियों से हुई, जिनमें कांस्टेबल राजेश सतपुते भी शामिल थे। उन्होंने बताया, 'सतपुते ने हमें बताया कि वह स्कूल दादर में है और बोलने व सुनने में असमर्थ उनका 23 वर्षीय बेटा गौरव उस स्कूल का पूर्व छात्र है। रेलवे पुलिस की टीम रात दो बजे सतपुते के घर गई और गौरव को दादर रेलवे थाने ले आई।' अधिकारी ने बताया कि टीम ने गौरव को एक प्रश्नावली दी और चावड़ा से बात करने को कहा, जिसे दादर रेलवे स्टेशन पर वह बैग लिए हुए पकड़ा गया था। अधिकारी ने कहा, 'गौरव की चावड़ा से बातचीत से हमें अपराध, सह-आरोपी और कारण के बारे में विस्तृत जानकारी मिली। हमने मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें मृतक अरशद अली की पत्नी भी शामिल है, जिसका कथित तौर पर चावड़ा के साथ विवाहेतर संबंध है।" कांस्टेबल राजेश सतपुते ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनका बेटा हत्या के एक मामले में पुलिस की मदद करने में कामयाब रहा।

# कोर्ट ने स्वीकार की 'क्लोजर रिपोर्ट'

### संजय राउत की ओर से कारोबारी के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार मामले से जुड़ा है केस

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**





मुंबई की एक विशेष अदालत ने कारोबारी जितेंद्र नवलानी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के नाम का इस्तेमाल कर विभिन्न कंपनियों से 58.96 करोड़ रुपये से अधिक कथित रूप से स्वीकार करने के मामले में भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) द्वारा दायर 'क्लोजर रिपोर्ट' स्वीकार कर ली है।

### क्या है मामला ?

महाराष्ट्र पुलिस के भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो ने अप्रैल 2022 में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की शिकायत पर नवलानी के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था। राज्यसभा सदस्य राउत ने ईडी अधिकारियों पर नवलानी की मदद से जबरन वसूली का रैकेट संचालित करने का आरोप लगाया था। विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश ए ए नंदगांवकर ने बुधवार को एसीबी की रिपोर्ट स्वीकार कर ली। 'सी-समरी' रिपोर्ट तब दाखिल की जाती है जब पुलिस जांच में यह निष्कर्ष निकालती है कि गलत तथ्यों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसीबी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि शिकायत के अनुसार, नवलानी ने वित्तीय वर्ष 2015 से 2021 के दौरान अपने व्यक्तिगत और कंपनी बैंक खातों में 39 निजी कंपनियों के माध्यम से कुल 58 .96 करोड़ रुपये प्राप्त किए थे।

एसीबी ने कहा कि जांच से पता चला कि ये लेन-देन इन 39 निजी कंपनियों और नवलानी के बीच नियमित व्यापारिक लेनदेन से संबंधित थे। इसलिए, ऐसा कोई सबूत नहीं मिला जिससे पता चले कि नवलानी ने इन धनराशियों को अवैध रूप से प्राप्त करने के लिए अपने पद या प्रभाव का दुरुपयोग किया।

एसीबी की रिपोर्ट में कहा गया कि राउत ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया कि वह कथित कदाचार में किसी भी ईडी अधिकारी की संलिप्तता से अनभिज्ञ थे। इसके अलावा, शिकायतकर्ता ने एसीबी को दिए गए बयान में कहा कि 39 कंपनियों में से किसी ने भी वास्तव में कारोबारी के आचरण के बारे में उससे शिकायत नहीं की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि राउत ने यह भी कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि क्या नवलानी ने निजी कंपनियों से धन प्राप्त करने के लिए ईडी अधिकारियों के नाम का इस्तेमाल किया था। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि ईडी या उसके अधिकारियों का 39 कंपनियों द्वारा नवलानी को भुगतान की गई कुल 58 .96 करोड़ रुपये की राशि से कोई संबंध नहीं था।

## महाराष्ट्र डाक सर्कल में मनाया गया राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

### विशेष कैंसिलेशन का भी हुआ विमोचन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर मुंबई जीपीओ में आयोजित समारोह में महाराष्ट्र सर्कल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल किशन कुमार शर्मा द्वारा एक विशेष कैंसिलेशन का विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और स्थानीय कारीगरों का समर्थन करने में हथकरघा और खादी उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। इस समारोह में अभिजीत बनसोडे, निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय), अजिंक्य काले, निदेशक डाक सेवाएं, मुंबई क्षेत्र और खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक योगेश भांबरे उपस्थित रहे । आसिम खान,भारतीय डाक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी भी समारोह में उपस्थित थे।




### खादी, ग्रामोद्योग और संबंधित क्षेत्रों के विकास को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश

किशन कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में खादी, ग्रामोद्योग और संबंधित क्षेत्रों के विकास को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की पहल न केवल पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करने में मदद करती है, बल्कि रोजगार पैदा करने और स्थायी आजीविका का समर्थन करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देने और समर्थन देने के महत्व पर जोर

योगेश भांबरे ने डाक विभाग की पहल और खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की समृद्ध विविधता को प्रदर्शित करने के लिए जगह प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया और इन पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देने और समर्थन देने के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में खादी, ग्रामोद्योग और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) सहित तीन उल्लेखनीय इकाइयों के स्टॉल शामिल थे, जिनमें पुरुषों और महिलाओं के लिए खादी के कपड़े,चमड़े के सामान और अन्य पारंपरिक शिल्प की विविध रेंज प्रदर्शित की गई थी। प्रतिष्ठित फिलेटलिस्ट और डाक विभाग के समर्पित कर्मचारियों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। आज जारी किया गया विशेष कैंसिलेशन राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के महत्व को स्थायी रूप से रेखांकित करेगा। यह भारत के हथकरघा उद्योग के शिल्प कौशल और विरासत के लिए गौरव का अवसर है।

## 'महाराष्ट्र के मंत्रियों का उड़ाते थे मजाक, अब खुद काट रहे दिल्ली के चक्कर'

### भाजपा नेता रावसाहेब दानवे ने ली उद्धव ठाकरे की चुटकी



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद रावसाहेब दानवे ने कहा है कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे कभी दिल्ली जाने वाले महाराष्ट्र के मंत्रियों का मजाक उड़ाते थे। लेकिन, अब वह महाविकास आघाड़ी (मविआ) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर अपने लिए समर्थन मांगने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के चक्कर काट रहे हैं। दानवे ने ठाकरे की तीन दिवसीय दिल्ली यात्रा और वहां कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ बैठकों को लेकर उन पर निशाना साधा। भाजपा के पूर्व सहयोगी ठाकरे अब कांग्रेस और राकांपा (शरदचंद्र पवार) के साथ महाविकास आघाड़ी गठबंधन का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि उद्धव ने स्वयं को हिंदुत्व से दूर कर लिया है। 2019 के विधानसभा चुनाव के जनादेश का अपमान किया।

### 'उनका हिंदुत्व इस हद तक कमजोर हो गया है'

कांग्रेस और राकांपा के साथ गठबंधन कर महाराष्ट्र में सरकार बना ली। इसलिए, लोग अब आगामी विधानसभा चुनावों में उन्हें नकारने वाले हैं। उनका हिंदुत्व इस हद तक कमजोर हो गया है कि वह अब बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों की निंदा भी नहीं कर सकते।

## 'झगड़े के दौरान महिला के बाल खींचना, धक्का देना छेड़छाड़ नहीं'

### बागेश्वर धाम के अनुयायी की पत्नी के साथ मारपीट मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट में अलग-अलग मामले में सुनवाई हुई। एक मामले में सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा, झगड़े के दौरान किसी महिला के बाल खींचना या उसे धक्का देना छेड़छाड़ नहीं है। अदालत ने बाबा धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बाबा बागेश्वर धाम के अनुयायी और उनकी पत्नी के साथ मारपीट करने वाले मामले में फैसला सुनाया है। अदालत ने इस केस में छेड़छाड़ का मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि छेड़छाड़ में एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने का इरादा शामिल होना चाहिए। इसके साथ ही पांच शिष्यों अभिजीत करंजुले, मयूरेश कुलकर्णी, ईश्वर गुंजल, अविनाश पांडे और लक्ष्मण पंत पर मामला दर्ज करने का आदेश जारी करने से इनकार कर दिया।

### क्या था पूरा मामला?

शि ष्यों ने कथित तौर पर याचिकाकर्ता नितिन उपाध्याय से एक वीडियो बनाने के लिए कहा था, जिसमें दावा किया गया था कि उन्होंने एक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए राजस्थान के एक अनुयायी से 3.5 करोड़ रुपये मांगे थे। यह एक वायरल वीडियो सामने आने के बाद हुआ था जिसमें कथित तौर पर धर्मगुरु ने किसी राज्य में एक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए 3.5 करोड़ की मांग की थी।

### नाबालिग बच्चे को भी मारा थप्पड़

जब याचिकर्ता ने ऐसा वीडियो बनाने से इनकार कर दिया, तो शिष्यों ने कथित तौर पर उनके साथ मारपीट की और उनकी पत्नी के बाल खींचकर और उन्हें धक्का देकर ?छेड़छाड़? की; उन्होंने उसके नाबालिग बच्चे को भी थप्पड़ मारा। उपाध्याय ने बाद में मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (साधारण चोट पहुंचाना) और अन्य संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया। अब अदालत ने इस आरोप को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा, महिला को विशेष रूप से यह बताना होगा कि छेड़छाड़ करने के लिए उसके साथ क्या किया गया, केवल बाल खींचना छेड़छाड़ करने का मतबल नहीं।

## सुरक्षा को लेकर शिंदे ने विदेश मंत्री से की बात

### बांग्लादेश में फंसे महाराष्ट्र के स्टूडेंट्स

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच वहां फंसे विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। एकनाथ शिंदे ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की और उनसे बांग्लादेश में जारी अशांति के बीच फंसे महाराष्ट्र के छात्रों और इंजीनियरों की सुरक्षित वापसी में मदद करने का आग्रह किया। दोनों ने बुधवार रात को बात की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया है कि हिंसा प्रभावित बांग्लादेश में फंसे लोगों को घर लौटने में मदद के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। बांग्लादेश में फंसे महाराष्ट्र के छात्रों और इंजीनियरों के स्थान के साथ जानकारी विदेश मंत्रालय को दे दी गई है और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं कि उन्हें तत्काल प्रभाव से घर वापस लाया जाए।



### 'सभी आवश्यक उपाय शुरू कर दिए गए हैं'

सीएमओ ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'सभी आवश्यक उपाय शुरू कर दिए गए हैं। इन मुद्दों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ भी चर्चा की गई, जिन्होंने बताया कि कार्रवाई शुरू करने और फंसे हुए भारतीयों को वापस लाने के लिए एक संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी को नियुक्त किया गया है।' बांग्लादेश में भारतीय दूतावास द्वारा आवश्यक सभी संभावित उपाय शुरू कर दिए गए हैं। विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया कि बांग्लादेश में अशांति के दौरान छात्रों, इंजीनियरों और अन्य भारतीयों को कोई नुकसान नहीं होगा और वे सुरक्षित घर लौट आएंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि महाराष्ट्र के छात्रों और इंजीनियरों को भी सुरक्षित रूप से उनके गंतव्य तक वापस लाया जाएगा।

### छात्रों की जानकारी निकालने के लिए टीम का गठन

राज्य सरकार ने बांग्लादेश में फंसे महाराष्ट्र के छात्रों, इंजीनियरों और अन्य नागरिकों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए एक टीम का गठन किया है। यह टीम उनसे संपर्क कर हरसंभव मदद कर रही है। सीएम शिंदे ने यह भी आश्वासन दिया कि बांग्लादेश में फंसे महाराष्ट्र के लोगों की जल्द से जल्द घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। सीएम राज्य में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर विदेश मंत्रालय के साथ लगातार संपर्क में हैं।

## भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी

भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका भिवंडी (ठाणे)

**बांधकाम विभाग, प्र.स.क्र. 1**

**ई-निवीदा सुचना क्रमांक 40 सन 2024/25**

निविदा विक्री दि. 09/08/2024 ते दि. 16/08/2024
सादरीकरण दि. 16/08/2024

| अनु. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय रक्कम | निविदापत्राची किंमत (रु.) |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रभाग समिती क्रं.१ च्या कार्यक्षेत्रात वाडा रोड येथे गौसिया हॉटेल ते अमीनाबाग रस्ता ते इकबाल भरमाल तबेल्यापर्यंत रस्त्याच्या कडेला असलेली गटार बांधणे. | १४,९९,४०५/- | ५९०/- |
| 2 | प्रभाग समिती क्रं.१ च्या कार्यक्षेत्रात आय जी एम हॉस्पिटल रस्ता ते पोलिस कॉलनी ते शांतीनगर रस्त्यापर्यंत रस्त्याच्या कडेला असलेली गटार बांधणे. | ९,९८,६३२/- | ५९०/- |

सदर निवीदा बाबतची माहिती mahatenders. gov.in संकेत स्थळावर दि. 09/08/2024 पासुन उपलब्ध आहे.

सही/-
(सचिन नाईक)
प्र. शहर अभियंता
भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका

संपादकीय

# जीत जैसी शिकस्त

जीवटता की धनी महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पचास किलो वर्ग स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश करके करोड़ों भारतीयों का दिल जीत लिया था। देश उनसे सोने के पदक की उम्मीद कर रहा था। लेकिन करोड़ों भारतीयों की उम्मीदों पर उस समय वज्रपात हो गया जब पेरिस ओलंपिक में महज सौ ग्राम वजन ज्यादा होने के कारण उन्हें अयोग्य करार दे दिया गया। विनेश अब इस ओलंपिक में कोई पदक नहीं जीत सकेंगी। निस्संदेह, जब विनेश इतिहास रचने जा रही थीं, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। लेकिन फिर भी आज देश उनके साथ खड़ा है। खेल प्रेमी सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। निश्चय ही यह एक दिल तोड़ने वाली घटना है। कहा जा रहा है कि भारत को ओलंपिक संघ से कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहिए। जाहिर है यह फाइनल स्पर्धा थी। भारत सोने के पदक की आस लगा रहा था। इस फैसले को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दरअसल, भारतीय दल ने विनेश के वजन को 50 किलो तक लाने के लिये थोड़ा समय मांगा था। लेकिन तय वजन से अधिक भार होने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। असल में, रेसलिंग इवेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को अलग-अलग भार वर्ग में वर्गीकृत किया जाता है। रेसलिंग व बॉक्सिंग जैसे खेलों में यह नियम है। ताकि सभी खिलाड़ियों के लिये निष्पक्ष अवसर तय किये जा सकें। यही वजह है कि खिलाड़ी जिस भार वर्ग का चयन करता है, उसे उसी वर्ग में खेलने की इजाजत मिलती है। इसमें किसी तरह की ढील नहीं मिलती। हर स्पर्धा से पहले चिकित्सा जांच व वजन किया जाता है। साथ ही खिलाड़ी के वजन की प्रक्रिया में असफल होने पर उसे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाता है। फिर पहली प्रतियोगिता में हारे खिलाड़ी को खेलने का मौका दिया जाता है। विनेश के मामले में भी आईओसी ने ऐसा ही फैसला लिया है। लेकिन भारतीयों के लिये यह फैसला असहनीय है। निस्संदेह, हर भारतीय के लिये यह फैसला कष्टदायक है। वे फाइनल से पहले विनेश को अयोग्य करार दिये जाने की घटना पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। कतिपय लोग इसे पश्चिमी देशों द्वारा विकासशील देशों के खिलाड़ियों के साथ भेदभाव मानते हैं। उनका मानना है कि भारत सरकार को इस मामले में कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहिए। भारतीय ओलंपिक संघ को भी इससे निबटने के लिये हर संभव प्रयास करने चाहिए। देश के तमाम बड़े खिलाड़ी और राजनेता विनेश का हौसला बढ़ाने में लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि विनेश आप भारत का गौरव हैं और हर एक भारतीय की प्रेरणा हैं। आप में लड़ने की क्षमता है। आप सबल होकर लौटें, सारा देश आपके साथ खड़ा है। निस्संदेह, सारे देश की ऐसी ही सोच है। भले ही पेरिस ओलंपिक में उनके हाथ निराशा लगी हो, लेकिन उनके सामने तमाम स्वर्णिम अवसर विद्यमान हैं। बेशक, फाइनल में खेलने के लिये वह अयोग्य करार दे दी गई हों, लेकिन वे आगे मेहनत से और मेडल लाएगी। विनेश की जीत प्रशंसनीय थी और उन्होंने भरसक प्रतिबद्धता भी दिखायी। उन्होंने पहले के राउंड ही नहीं जीते बल्कि देश के लोगों का दिल भी जीता। लेकिन यह बात तो जरूर है कि उन्हें उनकी मेहनत का वह फल नहीं मिला, जिसकी वह हकदार थीं। लेकिन एक बात तो तय है कि विनेश और भारतीय खेल दल के कर्ता-धर्ताओं के स्तर पर भी लापरवाही तो हुई है। वजन की निगरानी बेहद सावधानी से होनी चाहिए। लड़कों के मामले में वजन घटाना आसान होता है। लेकिन लड़कियों के स्तर पर यह कठिन होता है क्योंकि उन्हें पसीना कम आता है। हालांकि, विनेश ने वजन घटाने के लिये कठिन प्रयास किये थे। खान-पान बेहद नियंत्रित किया था। लेकिन कहीं न कहीं कोई खामी तो रह ही गई। बहरहाल इसके बाद भी विनेश जहां तक गई, वो किसी मेडल जीतने से कम नहीं है। वैसे इस मामले में राजनीतिक बयानबाजी करना गलत ही है। साथ ही इस घटना का एक सबक यह भी है कि हमें वैश्विक स्पर्धाओं के नियमों को गंभीरता से लेना चाहिए।

# सेहत व संस्कृति के द्वंद्व से जूझती इंडोनेशिया सरकार



पुष्परंजन

इंडोनेशिया में एक सिगरेट की क़ीमत है, दो हज़ार रुपिया (भारतीय मुद्रा में 10 रुपये 43 पैसे) है। पूरी डिब्बी की क़ीमत आमतौर पर लगभग 30,000 रुपिया (भारतीय करेंसी में 157 रुपये) मानकर चलिए। सिगरेट की कम-ज्यादा कीमतें ब्रांड के ऊपर हैं। वहां की सरकार ने सिगरेट की खुदरा बिक्री पर रोक लगा दी है, जिससे खोमचे-ठीये वाले अपना धंधा चौपट हो जाने के डर से परेशान हैं। सिगरेट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का तंबाकू समर्थक कार्यकर्ताओं ने सरकार के इस फैसले का विरोध किया है, जिनका मानना है कि तंबाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने से छोटे व्यवसायों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और यह देश की गहरी जड़ें जमाए धूम्रपान संस्कृति के खिलाफ़ होगा।

सिगरेट समर्थक कार्यकर्ताओं के अनुसार, 'सिगरेट वह गोंद है जो इस द्वीपसमूह में सामाजिक संबंधों को एक-दूसरे से चिपकाये रखती है।' जावा में शादियों और अंतिम संस्कारों के दौरान आये लोगों को अक्सर सिगरेट ऑफर की जाती है, और हिंदू बहुल द्वीप बाली में देवताओं-परमात्माओं को अर्पित दैनिक प्रसाद में भी सिगरेट शामिल है। 'कैनांग सारी' नामक पारंपरिक प्रसाद को नारियल के पत्ते वाली बकेट में रखते हैं, जिसके अंदर फूल, चावल और सिगरेट होती है। इन्हें देवताओं के प्रति समर्पण और आत्माओं को प्रसन्न करने के लिए चढ़ाया जाता है। सिगरेट समर्थकों का कहना है कि सरकार इस प्रतिबंध के बहाने हमारी आस्था पर चोट कर रही है।

इंडोनेशिया द्वीप समूह के किसी भी हिस्से में जाएं। सुबह के पारंपरिक नाश्ते में एक कप कॉफी के साथ सिगरेट ज़रूर दिखेगा। पश्चिमी सुमात्रा में सर्फिंग के लिए मशहूर मेंटावई जनजातियां तंबाकू या उबे का सेवन करती हैं। सिगरेट चाहे टेंशन दूर करे, मगर उसके आदी लोग व्यक्तिगत आनंद के लिए उसका होना ज़रूरी मानते हैं। क्रेटेक ब्रांड के सिगरेट की दीवानगी तंबाकू समर्थक नीतियों की वकालत करने वाले केपाले देसे के बयानों से दरपेश है, 'क्रेटेक एक इंडोनेशियाई सिग्नेचर सिगरेट है, जिसमें लौंग के साथ तंबाकू मिलाया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप जलने पर मीठा स्वाद और गाढ़ा धुआं निकलता है। हम इसे छोड़ नहीं सकते।'

नए विनियमन में सिगरेट के एक पैकेट में कम से कम 20 सिगरेट होनी चाहिए, जिससे 12 या 16 सिगरेट वाले सस्ते पैकेट की बिक्री खत्म हो जाएगी। न्यूनतम खरीद आयु भी 18 से बढ़ाकर 21 कर दी गई है। नए विनियमन को तोड़ने वाले विक्रेताओं या उत्पादकों पर क्या जुर्माना ठोकेंगे, अभी स्पष्ट नहीं किया है। इंडोनेशिया दुनिया के सबसे बड़े इंस्टाग्राम दर्शकों में से एक है, जिसके एक करोड़ 11 लाख से अधिक उपयोगकर्ता हैं। जिनमें से आधे से अधिक 13 से 24 वर्ष की आयु के हैं। तंबाकू प्रवर्तन और रिपोर्टिंग आंदोलन (टीईआरएम) के अनुसार, '2023 तक, इंडोनेशिया में लगभग 70 प्रतिशत ऑनलाइन तंबाकू विपणन इंस्टाग्राम पर हुआ।' इंडोनेशिया में तंबाकू और ई-सिगरेट को सोशल मीडिया पर प्रचारित करने से रोक दिया गया है। सिगरेट समर्थक केपाले देसे कहते हैं, 'हम छोटे विक्रेताओं का पक्ष लेते हैं, क्योंकि यह प्रतिबंध उन्हें नुकसान पहुंचाएगा। हमने खुदरा सिगरेट की बिक्री पर प्रतिबंध के बारे में खोमचे-ठेले वालों की राय पूछी, और उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया।' लेकिन इसके उलट स्वास्थ्य मंत्रालय में कानून प्रभाग के प्रमुख इंदा फेब्रियांटी ने 2 अगस्त, 2024 को दिये बयान में कहा, 'खुदरा सिगरेट बच्चों और किशोरों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं, जिनके उपभोग के स्तर को हम वास्तव में कम करना चाहते हैं।' इंडोनेशिया में धूम्रपान की दर दुनिया में सबसे ज़्यादा है : पिछले साल इंडोनेशियाई स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, 270 मिलियन की आबादी में से 70 मिलियन सक्रिय धूम्रपान करने वाले थे। किशोर उम्र वालों का धूम्रपान रोकना भी एक चुनौती है। पिछले साल धूम्रपान करने वालों में से 7.4 प्रतिशत 10-18 वर्ष के थे, जबकि 15-19 वर्ष की आयु में धूम्रपान शुरू करने वालों की संख्या सबसे ज़्यादा 56.5 प्रतिशत थी। हालांकि, नवीनतम तम्बाकू नियंत्रण विनियमों का तम्बाकू विरोधी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया, हालांकि वे जकार्ता से और अधिक प्रतिबंधों की मांग करते हैं। वाशिंगटन स्थित 'कैंपेन फॉर टोबैको-फ्री किड्स' के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी योलोंडा सी। रिचर्डसन ने एक बयान में कहा कि हमारा संगठन नियमों पर हस्ताक्षर करने के लिए विडोडो की सराहना करता है, और सरकार से आग्रह करता है कि वे तम्बाकू कंपनियों के हस्तक्षेप के बावजूद, उन्हें लागू करें जो निश्चित रूप से जारी रहेगा।

नवंबर, 2011 में बाली को सिगरेट मुक्त करने का ऐलान किया गया, लेकिन यह घोषणा लचर साबित हुई। फिर दोबारा से 1 जून, 2012 से धूम्रपान पर सख्त पाबंदी आयद की। इंडोनेशिया उन चंद देशों में से एक है, जो अभी भी टेलीविजन पर तम्बाकू के विज्ञापन की अनुमति देता है, हालांकि इसे रात 9:30 बजे के बाद ही प्रसारित किया जा सकता है। 'इंडोनेशिया इंस्टीट्यूट फॉर सोशल डेवलपमेंट' के निदेशक, अहमद फनानी ने 31 जुलाई, 2024 को जारी एक बयान में कहा, कि हम 'प्रगतिशील' नियमों का स्वागत करते हैं, हालांकि हमें खेद है कि तम्बाकू विज्ञापन प्रतिबंध केवल सोशल मीडिया पर लागू होता है, न कि टेलीविजन या बिलबोर्ड पर। सैम्पोएर्ना इंडोनेशिया की सबसे बड़ी तंबाकू कंपनी है। यह लौंग सिगरेट बनाती है, जिसे स्थानीय तौर पर 'क्रेटेक सिगरेट' के नाम से जाना जाता है। सैम्पोएर्ना के सिगरेट ब्रांडों को इंडोनेशिया में म्यूज़िक कंसर्ट्स के ज़रिये प्रोमोट किया जाता है। इंडोनेशिया में सिगरेट बाज़ार की बादशाहत सैम्पोएर्ना के पास है, जो सबसे मशहूर लौंग वाली क्रेटेक सिगरेट बनाती है। सैम्पोएर्ना के क़ब्ज़े में बाजार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है। सैम्पोएर्ना का निकटतम प्रतिद्वंद्वी फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल (पीएमआई) है। इंडोनेशिया में तम्बाकू उत्पादन का 90 प्रतिशत, सिर्फ़ तीन प्रांतों से आता है : पूर्वी जावा, मध्य जावा और पश्चिमी नुसा तेंगारा।

वर्ष 2023 में मार्केट रिसर्च कंपनी, 'यूरोमॉनीटर इंटरनेशनल' ने इंडोनेशियाई तंबाकू बाजार का मूल्य 34 बिलियन डॉलर का आंका है। 'स्टैटिस्टा' के अनुसार, 'तम्बाकू के कारोबार में चीन, अमेरिका और जर्मनी के बाद चौथे स्थान पर इंडोनेशिया आता है।' 2023 में इंडोनेशिया ने 238.8 हज़ार मीट्रिक टन से ज़्यादा कच्चे तम्बाकू का उत्पादन दर्ज किया था। सबसे दिक्क़त की बात यह है कि तम्बाकू के कारोबार से सरकारें, रेवन्यू का बड़ा हिस्सा बटोरती हैं। तम्बाकू कंपनियों से तगड़ी सौदेबाज़ी होती है। विज्ञापनों में कर्क रोग का डर दिखाया जाता है, लेकिन सचमुच सरकारें तम्बाकू का कारोबार बंद कर दें, तो कैंसर अस्पताल चलेंगे कैसे? सच यह है कि सिगरेट पर सरकारी प्रतिबंध हाथी के दिखने वाले दांत की तरह है। इसे जड़ से नहीं उखाड़ सकते!

सहज योग

# निष्पाप व्यक्ति को परमात्मा मिलता है



असल में हम न तो कुछ करते हैं और न तो कुछ कर पाते हैं। करने वाला तो कोई और ही है। बेकार ही में बचकानापन है करने वाला अपना काम तो करता ही है और करेगा ही। लेकिन यही जड़ता हमारे अन्दर दोनों है कि हम उस Petrol को इस्तेमाल करते हैं।

सुपर एगो है, उस पर बोझे जितने भी हमारी ओर से बढ़ते जाते हैं, हर तरह के बोझे, उसमें आप कह सकते हैं कि इस तरह के बोझे जिसमें हम आप को सिखाते हैं ये करो, वो करो, ऐसा नहीं करना चाहिए, वैसा नहीं करना चाहिए, इधर नहीं जाना चाहिए, उधर नहीं जाना चाहिए, ये नहीं खाना, वो नहीं खाना चाहिए, इस तरह की चीजें या ऐसा कहें कि हम बड़े-बड़े भाषण देते हैं लोगों को कि आपको हिन्दुस्तानी बनना चाहिए, आपको जापानी बनना चाहिए, आपको इससे नफरत करना चाहिए, उससे नफरत करना चाहिए, हम हिन्दु हैं, हम मुसलमान है, हम इसाई है, अनेक तरह के सब Conditionings जो हैं ये बोझ हैं। उससे यह Super ego दब जाता है। और जो अहंकार है वो ये कहता है नहीं हम तो ये हैं, हमें ये करना चाहिए, वो करना चाहिए। जो कहता है नहीं करना चाहिए वो तो Super ego है और जो कहता है करना चाहिए वो ego है। असल में हम न तो कुछ करते हैं और न तो कुछ कर पाते हैं। करने वाला तो कोई और ही है। बेकार ही में बचकानापन है करने वाला अपना काम तो करता ही है और करेगा ही। लेकिन यही जड़ता हमारे अन्दर दोनों है कि हम उस Petrol को इस्तेमाल करते हैं। इन दोनों ईड़ा और पिंगला से अपने Sympathetic Nervous System से, हम अपने को Conditioning कर लेते हैं, बोझे में डाल लेते हैं। अब बीचोंबीच सुषुम्ना नाड़ी है। अब बहुत से लोगों ने मुझसे ऐसा भी कहा कि माताजी आप तो इनके विरोध में बोलते हैं, उनके विरोध में बोलते हैं। भाई मैं किसी के विरोध में नहीं बोल रही हूं। लेकिन तुम तो गलत सीढ़ी पर चढ़ गए न, उससे तो उतारना पड़ेगा ही, जो बीच की सीढ़ी में तुम्हें चढ़ाना है। इसमें किससे मैं विरोध कर रही हूं? मेरी समझ में नहीं आता कि इसमें किसी से विरोध करके मुझे क्या करना है? मैं तो आपको बता रही हूं कि आप गलत सीढ़ी पर चढ़ गए हैं। सभी उतर आइए। मैं तो बड़े-बड़े गुरुजनों से मिलने जाती हूं, उनसे बात करती हूं कि आप कर क्या रहे हैं? कुछ करने से परमात्मा नहीं मिल सकता। इन लोगों से कुछ करवाइए नहीं, ये करने धरने से परमात्मा मिल नहीं सकता। ये आपको मैं क्या बता रही हूं आप वशिष्ठ पढ़ें, नहीं तो आदिशंकराचार्य को पढ़े जो कि historical चीज है। उनको पढ़े, उन्होंने भी यही कहा है कि आप परमात्मा को पाने के लिए कुछ कर नहीं सकते। लेकिन अन्तर है, उनमें और मुझमें जरा सा थोड़ा सा फर्क है। इतना ही अन्तर है कि उन्होंने कहा था कि परमात्मा को पाने के अधिकारी बहुत ही कम हैं, इसलिए ठीक है कि कुछ भक्ति में रहें और कुछ अपने ऊपर में योग लगाकर अपने मन को अनुशासित करें।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा

जॉन ड्राइडन : जन्म- 9 अगस्त 1631

जन्म

जॉन ड्राइडेन का जन्म 9 अगस्त 1631 को नार्थपटनशायर के अल्डविंकिल में हुआ था। वह एक प्रसिद्ध अंग्रेजी कवि थे, जिन्हें इंग्लैंड का पहला कवि पुरस्कार विजेता बनाया गया था। उन्होंने एक साहित्यिक आलोचक, अनुवादक और नाटककार के रूप में भी काम किया। ड्राइडन की मृत्यु 12 मई 1700 को हुई थी।

# साहस भय का मुखौटा है



धैर्यवान व्यक्ति के क्रोध से सावधान रहें। सभी मानवीय चीजें क्षय के अधीन हैं और जब भाग्य बुलाता है, तो राजाओं को आज्ञा का पालन करना चाहिए। संगीत जुनूनों को बढ़ा और दबा सकता है। आबाद दुनिया के चारों ओर देखो। कितने कम लोग अपनी भलाई जानते हैं। या इसे जानते हुए पीछा करते हैं। पागल होने में एक निश्चित आनंद है, जिसे पागलों के अलावा कोई नहीं जानता। बहुत अधिक संख्या में ऐसे लोगों का झुंड है, जो बहुत कम सोचते हैं और जो बहुत अधिक बोलते हैं। फंदे में संघर्ष करने से अच्छा है कि चारा से दूर रहें। गुप्त अपराध बौध मौन से प्रकट होता है। किसी मित्र को क्षमा करने की अपेक्षा शत्रु को क्षमा करना आसान है। प्यार का इनाम है। हम पहले अपनी आदतें बनाते हैं और फिर हमारी आदतें हमें बनाती हैं। आदेश सबसे बड़ी कृपा है। प्यार एक जुनून है जो सम्मान को नेक कामों में बदल देता है। रोगी के क्रोध से सावधान रहें। कोई भी इतना व्यस्त नहीं है जितना कि मूर्ख और धूर्त। साहस के एक दाने के बिना बोल्ड गुफाएं पनपती हैं, लेकिन अच्छे लोग बेशर्मी के अभाव में भूखे मरते है। शब्द हमारे विचारों के चित्र मात्र है। मरना किसी दूर किनारे पर उतरना है। राजी करने की तुलना में मूर्खों को जीतना अधिक कठिन होता है। साहस भय का मुखौटा है। चाहे वह कितना ही महान क्यों न हो। अपने आप को खोजने के लिए अपने आप को मत खोजो। नृत्य पैरों की कविता है।

प्रेरक प्रसंग

## दुष्ट लोमड़ी

एक लोमड़ी जंगल में घूम रही थी। वो शिकार करने में बहुत माहिर थी । एक दिन कोई बड़ा शिकार हाथ लगा । उसके हाथ लगे शिकार को हड़बड़ी से खाने के कारण हड्डी गले में फस गई । दर्द से चिल्लाते हुए कहा, कोई मेरी मदत



करो। एक सारस को उसकी हालत देखते हुए बहुत दया आई ।उसने लोमड़ी से बोला, आप अपना मुंह खोलो, सारस ने बड़ी चोंच से गले में फसी हड्डी निकाल दी। लोमड़ी ने चैन की सास ली । सारस ने मजाक में कहा, आपकी गले में फसी हड्डी निकाल दी इसलिए मुझे कुछ तो इनाम दीजिए । लोमड़ी आगबबूला हुई, तेरी हिम्मत कैसे हुई, इनाम मांगने की, तू नही तो कोई और कर लेता मेरी मदत ।

तुम्हारी चोंच मेरे मुंह के अंदर थी मन तो कर रहा था की खा लूं । पर हड्डी से गले में दर्द ज्यादा था इसलिए नही खाया । मेरा इरादा बदल जाए उसके पहले मेरे नजरो से दफा हो जाओ । दुष्ट इंसान की कितनी भी सहायता कर लो वे एहसान नहीं मानते ।

शख्सियत | ई. कृष्णा अय्यर

# वकील, स्वतंत्रता-सेनानी और शास्त्रीय कलाकार




ई. कृष्णा अय्यर एक भारतीय वकील, स्वतंत्रता-सेनानी, शास्त्रीय कलाकार और कार्यकर्ता थे। वह सादिर के पारंपरिक इसाइवेल्लार अभ्यासकों के अनुयायी थे, जिन्हें भरतनाट्यम के नाम से भी जाना जाता है। कृष्णा अय्यर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हुए और 1930 के दशक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सक्रिय सदस्य थे। उन्होंने भारतीय राष्ट्रवादी सुब्रहमण्य भारती के गीतों को लोकप्रिय बनाने का प्रयास किया।

ई. कृष्णा अय्यर का जन्म 9 अगस्त 1897 को मद्रास प्रेसीडेंसी के कल्लिदाईकुरिची के एक तमिल ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनकी स्कूली शिक्षा अंबासमुद्रम हाई स्कूल में हुई और उन्होंने मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। स्नातक होने पर उन्होंने मद्रास लॉ कॉलेज में कानून की पढ़ाई की और 1943 तक मद्रास उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में अभ्यास किया। उन्होंने देवदासी प्रथा से जुड़े होने के कारण सादिर को खत्म करने की भी इच्छा जताई और राष्ट्रपति पद पर नाच प्रदर्शन की निंदा की। भरतनाट्यम पुनरुद्धार आंदोलन में कृष्णा अय्यर की भागीदारी तब शुरू हुई जब वह सुगुण विलासा सभा नामक एक नाट्य कंपनी में शामिल हुए और सादिर सीखा, जो देवदासियों द्वारा किया जाने वाला भरतनाट्यम का एक कामुक और कम सम्मानजनक रूप है। उन्होंने कला की महानता को समझा और देवदासियों के साथ इसके संबंध के कारण दिखाए गए अनादर और इससे जुड़े कलंक पर अफसोस जताया। कृष्णा अय्यर ने मद्रास संगीत अकादमी की स्थापना की और नृत्य कला को लुप्त होने से बचाने के लिए रुक्मिणी देवी अरुंडेल के साथ मिलकर काम किया। कृष्णा अय्यर ने कर्नाटक संगीत को भी संरक्षण दिया और इंडियन एक्सप्रेस, दीनामणि और कल्कि के लिए कला समीक्षक के रूप में लिखा। 1966 में उन्हें भारत सरकार से पद्मश्री अवार्ड मिला। 1957 में उन्हे गीता कलासिखामनी अवार्ड मिला। कृष्णा अय्यर का 1968 में 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश




# जिंदगी का अंतिम सच



क्या आप जानते हैं कि आपके अंतिम संस्कार के बाद आम तौर पर क्या होता है? तो आइए हम आपको जिन्दगी का अन्तिम सच से अवगत कराते है। कुछ ही घंटों में रोने की आवाज पूरी तरह से बंद हो जाएगी। रिश्तेदारों के लिए खाना की व्यवस्था में जुटेगा परिवार.. पोते दौड़ते और खेलते रहेंगे। कुछ पुरुष सोने से पहलेआपके बारे में कुछ संवेदनात्मक टिप्पणी करेंगे!

कोई रिश्तेदार आपकी बेटी से फोन पर बात करेगा कि आपात स्थिति के कारण वह व्यक्तिगत रूप से नहीं आ पा रहा है। अगले दिन रात के खाने में, कुछ रिश्तेदार कम हो जाते हैं, और कुछ लोग सब्जी में पर्याप्त नमक नहीं होने की शिकायत करते हैं। भीड़ धीरे धीरे छंटने लगेगी.. आने वाले दिनों में कुछ कॉल आपके फोन पर बिना यह जाने आ सकती हैं कि आप मर चुके हैं। आपका कार्यालय या दुकान आपकी जगह लेने के लिए किसी को ढूंढने में जल्दबाजी करेगा। दो सप्ताह में आपका बेटा और बेटी अपनी आपातकालीन छुट्टी खत्म होने के बाद काम पर लौट आएंगे। महीने के अंत तक आपका जीवनसाथी भी कोई कॉमेडी शो देख कर हंसने लगेगा। सबका जीवन सामान्य हो जाएगा। जिस तरह एक बड़े पेड़ के सूखे पत्ते में और जिसके लिए आप जीते और मरते हैं, उसमें कोई अंतर नहीं है, यह सब इतनी आसानी से, इतनी तेजी से, बिना किसी हलचल के होता है। आपको इस दुनिया में आश्चर्यजनक गति से भुला दिया जाएगा। इस बीच आपकी प्रथम वर्ष पुण्यतिथि भव्य तरीके से मनाई जाएगी। पलक झपकते ही साल बीत गए और तुम्हारे बारे में बात करने वाला कोई नहीं है। एक दिन बस पुरानी तस्वीरों को देखकर आपका कोई करीबी आपको याद कर सकता है, मुझे अभी बताओ...

लोग आपको आसानी से भूलने का इंतजार कर रहे हैं। फिर आप किसके लिए दौड़ रहे हो? और आप किसके लिए चिंतित हैं? अपने जीवन के अधिकांश भाग के लिए 80% आप इस बारे में सोचते हैं कि आपके रिश्तेदार और पड़ोसी आपके बारे में क्या सोचते हैं। क्या आप उन्हें संतुष्ट करने के लिए जीवन जी रहे हैं? जो किसी काम का नहीं !



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

सुविचार



पसंद उसे करो जो तुम में परिवर्तन लाए। वरना प्रभावित तो मदारी भी करता है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

कविता



पुष्पिता अवस्थी

## धूप-ताप

धूप
निचोड़ लेती है
देह के रक्त से पसीना
माटी से बीज
बीज से पत्ते
पत्ते से वृक्ष
और वृक्ष से
निकलवा लेती है - धूप
सबकुछ
धूप
सबकुछ सहेज लेती है
धरती से
उसका सर्वस्व
और सौंप देती है - प्रतिदान में
अपना अविरल स्वर्णताप
कि जैसे -
प्रणय का हो यह अपना
विलक्षण अपनापन



नामवर सिंह

## कभी जब याद आ जाते

नयन को घेर लेते घन,
स्वयं में रह न पाता मन
लहर से मूक अधरों पर
व्यथा बनती मधुर सिहरन
न दुःख मिलता न सुख मिलता
न जाने प्राण क्या पाते!

तुम्हारा प्यार बन सावन,
बरसता याद के रसकन
कि पाकर मोतियों का धन
उमड़ पड़ते नयन निर्धन
विरह की घाटियों में भी
मिलन के मेघ मँड़राते।

झुका-सा प्राण का अंबर,
स्वयं ही सिंधु बन-बनकर
हृदय की रिक्तता भरता
उठा शत कल्पना जलधर।
हृदय-सर रिक्त रह जाता
नयन-घट किंतु भर आते।
कभी जब याद आ जाते।

कहानी

# अकेलेपन का एहसास



दिनकर बेडेकर

हमेशा की तरह दोस्त से मुलाकात हुई। ऑफिस एक ही है, इसलिए रोज मिलते हैं। ऐसी मुलाकात एक आदत-सी हो गई है। कभी मिल नहीं पाए तो दिन अधूरा लगता है। ऑफिस की कैंटीन में, एक कोने में, आसपास के कोलाहल, रोजमर्रा के चेहरों को भुला कर किसी नए विषय पर बात करना रिफ्रेशिंग लगता है। किताबों में, सिनेमा में उसकी खास रुचि है। इन दोनों विषयों के संबंध में, दुनिया भर में जो भी नया घट रहा है, उसकी जानकारी उसे रहती है। इन सब के बारे में बात करने का उत्साह भी उसके पास है।

लेकिन परसों जब हम मिले तो वह चुप्पी साधे हुए था। अस्वस्थ और बेचैन दिख रहा था। मैंने कुछ पूछने की, बोलने की कोशिश की, दीर्घ विराम के बाद उसकी बेचैनी बाहर आई -

'गॉड... गिव मी अ ब्रेक... छुटकारा चाहिए मुझे... आय वांट टु बी अलोन...'

'क्यों? क्या बात है?'

'खुद के लिए समय ही नहीं बचता आजकल, पूरा समय बच्चे के पीछे लगे रहना पड़ता है। अपने यहाँ घर-गृहस्थी बसाना बडा डिमांडिंग काम है। वेस्टर्न कंट्रीज में, वन कॅन बी अ हाउसहोल्डर एंड स्टिल रिटेन वन'स इंडिविजुआलिटी... अपने यहाँ शादी हो जाए तो दो पैरों की रेस और बच्चा हो जाए तो तीन पैरोंवाली रेस शुरू हो जाती है...'

मुझे उसकी बातों का आशय समझ में आ गया। 'कुछ ही दिनों की बात है, धीरे-धीरे सब एड्जस्टमेंट हो जाती है। बाप बनना हो तो इन अनुभवों से गुजरना ही पड़ता है। हमारे माँ-बाप ने हमें पाल-पोस कर बड़ा किया तब उन्हें भी ये सब झेलना पड़ा होगा...' उसे थोड़ा और उकसाने के लिए मैंने कहा। उसका पढ़ना, फिल्में देखना, लोगों से मिलना, और सबसे अहम बात यानी अपनी मर्जी का मालिक होना, इस सब पर अचानक कुछ बंधन आ गए थे और, अब बाकी जिंदगी इन जिम्मेदारियों को निभाने में कट जाएगी, अपने लिए समय ही नहीं बचेगा, किताबें, फिल्में, दोस्त - सबसे संपर्क टूटता जाएगा... इस कल्पना से ही वह बेचैन हो गया था।

कुछ ही दिनों में उसे जो चाहिए था वह मौका मिला। दस दिन ही सही, वह अकेला रहनेवाला था। उन दस दिनों में पढ़ने के लिए दो मोटी ऑटोबायोग्राफीज, सुनने के लिए कुछ सीडीज, ऐसा सब इंतजाम भी उसने कर लिया था।

एक दिन, उसने मुझे फोन करके घर बुला लिया। मैं उसके घर गया। थोड़ी देर इधर-उधर की बातें हुईं और फिर वह बेडरूम में जा कर एक बड़ा-सा फोटो अल्बम ले आया। उसके बच्चे के फोटो। किसी का निजी फोटो अल्बम देखने में मुझे संकोच होता है। लेकिन यहाँ हर एक फोटो दिखा कर उसके डीटेल्स भी बताए जा रहे थे। जैसे ही अल्बम पूरा हुआ, मैंने किताबें उठाईं और निकलने के लिए उठ खड़ा हुआ।


'मैंने खास फोन कर के तुम्हें बुला लिया और फोटो अल्बम दिखाता रहा, सच कहूँ तो मुझे अकेलापन बर्दाश्त नहीं हो रहा था। मै अकेला नहीं हूँ - खास मेरा अपना कोई है, ये बात किसी को विस्तार से बता कर मैं खुद को आश्वस्त करना चाहता था। पहले तीन-चार दिन खूब पढ़ा, लेकिन बाद में अचानक मन उचट गया। पिछले दो दिन तो मैंने यहाँ - इस कुर्सी पर बैठ कर निकाले - जिस सन्नाटे को मैं हमेशा चाहता था अब उसी ने जैसे मुझे घेर लिया था। कुर्सी से उठने में भी डर लगने लगा...'


अकेलेपन और एकांत में रहने का शौक पूरा हुआ दिख रहा था। वह बदल रहा था। लेकिन पूरी तरह नहीं, कुछ दिनों बाद फिर से अकेलेपन की तलब आएगी, मैं जानता था। तब उसे बताने के लिए मैंने एक छोटी-सी घटना चुन रखी है। मैं एक दुकान के सामने फुटपाथ पर खड़ा सिगरेट पी रहा था। अचानक एक फैमिली, स्कूटर से आ कर रुकी। बच्चे को बाप के साथ दुकान में जाना था। बाप मना कर रहा था, माँ रोकने की कोशिश कर रही थी। बच्चा जिद कर रहा था, रो रहा था। उनसे थोड़ी दूर एक महिला खड़ी थी।

उससे रहा नहीं गया, वह उनके पास आई और बोली - 'बच्चा है, उसे दुकान में ले जाइए - बड़ा हो जाएगा तब आप मिन्नतें करोगे फिर भी आप के साथ नहीं आएगा। मेरे दो बच्चे हैं, मुझसे दूर रहते हैं, जब वे छोटे थे - मेरे पास उनके लिए समय नहीं था, अब उनके पास मेरे लिए समय नहीं है...' बाप बच्चे को साथ ले गया।


कोई भी - जिसमें मैं भी शामिल हूँ, लोगों से दूर जाने की बात करने लगे तो मुझे वह घटना याद आती है और मैं आसपास की भीड़ में खो जाने की कोशिश करता हूँ।

# बनारसी दास चतुर्वेदी को रामधारी सिंह 'दिनकर' का पत्र





लगता है, संघर्ष करते अब टूट रहा हूँ। आप तो जानते ही हैं कि एक बेटी और पाँच भतीजियों के ब्याह रचवाने का काम पूरा कर चुका हूँ। केवल अपनी बेटी के ब्याह में छोटे भाई ने पाँच हजार रुपये की मदद की। बाकी सारा खर्च और लड़का मुझे ही जुटाना पड़ा। और अक्सर ऐसे दामाद मिले जो असन्तोष पालते रहे हैं। भाइयों ने बीस वर्ष पहले ही बाँट कर अलग कर दिया और अलग हो जाने पर भी उनके बेटों और बेटियों का सारा बोझ माथे पर उठाये चल रहा हूँ। यह भी विचित्र अभिशाप है। मैंने भाइयों को इतना निश्चिंत रखा कि वे काहिल हो गये। बड़े तो मेरे हिस्से का खेत पा जाने पर भी दयनीय हैं और मर-खप कर कुछ न कुछ मदद अब भी करनी पड़ती है। परिवार बड़ा भारी शोषक होता है। उसके शोषण से वही बच सकता है जो वैज्ञानिक समाजवाद में विश्वास करे। मुझ जैसे मानवतावादी लोग तो उस शोषण के जाल से निकल नहीं सकते न यही कह सकते हैं कि हमने त्याग किया है। और जरा सोचिये कि मेरी एक बेटी अब भी क्वाँरी है और एक बेटी बड़े भाई की भी है जिसे ब्याह में देना है। पोतियों का जिम्मा तो खैर मेरे लड़के का होगा। भगवान उसे सकुशल रखें। मेरा स्वास्थ्य लड़खड़ा रहा है। अब मेरा एक मात्र भरोसा मेरा पुत्र है जो सारा बोझ उठाये हुए है।



ग़ज़ल

## मुकम्मल जहाँ

निदा फ़ाज़ली

कभी किसी को मुकम्मल जहाँ नहीं मिलता
कहीं ज़मीन कहीं आसमाँ नहीं मिलता

तमाम शहर में ऐसा नहीं ख़ुलूस न हो
जहाँ उमीद हो इस की वहाँ नहीं मिलता

कहाँ चराग़ जलाएँ कहाँ गुलाब रखें
छतें तो मिलती हैं लेकिन मकाँ नहीं मिलता

ये क्या अज़ाब है सब अपने आप में गुम हैं
ज़बाँ मिली है मगर हम-ज़बाँ नहीं मिलता

चराग़ जलते ही बीनाई बुझने लगती है
ख़ुद अपने घर में ही घर का निशाँ नहीं मिलता

# साहित्य जाने



### 'हिंदी नई चाल में ढली' - यह वाक्य किस का है?

भारतेंदु हरिश्चंद्र का। उन्होंने अपनी पुस्तक 'कालचक्र' में लिखा कि हिंदी नई चाल में ढली सन 1873 में। भारतेंदु के समय में हिंदी को एक नया व्यक्तित्व मिला जिसे व्यापक जनता ने स्वीकार किया। यह सरल-सुबोध खड़ीबोली हिंदी थी जिस पर न संस्कृत की छाया थी न उर्दू की न बाँग्ला की। आधुनिक हिंदी का विकास भारतेंदु युग की इसी गद्य शैली की नींव पर हुआ है।

### भ्रमर गीत किसे कहते हैं?

यह सूर सागर का वह हिस्सा है जिस में वृंदावन की गोपियाँ कृष्ण द्वारा उन्हें समझाने के लिए भेजे गए उद्धव को तरह-तरह के उलाहने देती हैं। इस खंड में सौ से अधिक पद हैं। रामचंद्र शुक्ल ने इन का संकलन 'भ्रमर गीत सार' नाम की किताब में किया है। 'भ्रमर गीत' नाम पड़ने का कारण यह है कि गोपियों ने इनमें से बहुत-से पद भ्रमर को संबोधित करते हुए कहे थे।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। धर्नाजन होगा, जोखिम न लें। प्रयत्न एवं दूरदर्शिता से सहयोग एवं समर्थन मिलेगा। पारिवारिक सुख प्राप्त होगा।

**वृष** विवाद से क्लेश होगा। दुःखद समाचार मिल सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वस्तुएं संभालकर रखें। सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। कहासुनी, बहस हो सकती है। विवाद समाप्त होने से शांति एवं संतोष मिलेगा।

**मिथुन** प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। मनोरंजक यात्रा होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान मिलने की संभावना है। भूमि संबंधी लेन-देन में रुचि बढ़ेगी।

**कर्क** अतिथियों का आवागमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। व्यापारिक उन्नति होगी। अनायास किसी समस्या का समाधान हो सकता है। अपना व्यवहार संयमित रखकर काम करना जरूरी है।

**सिंह** यात्रा मनोरंजक रहेगी। वरिष्ठ जन सहयोग करेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। धनलाभ के अवसर आएँगे। जीवनसाथी से संबंधों में मधुरता आएगी। अहम का भाव मन में न पनपने दें।

**कन्या** घर में अशांति रह सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। तनाव रहेगा। जल्दबाजी न करें। नौकरी, व्यवसाय में इच्छित वातावरण तैयार होगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की

**तुला** वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें। बकाया वसूली होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। धनार्जन होगा। आलस्य को त्यागकर प्रत्येक काम समय पर करें। व्यापार अच्छा चलेगा। परोपकारी स्वभाव होने के कारण दूसरों की मदद करके सुख अर्जित करेंगे।

**वृश्चिक** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। आजीविका में प्रगति होगी। समय का दुरुपयोग न करें। अधिकारी कामकाज में सहयोग करेंगे।

**धनु** देव दर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। बाहरी सहयता मिलेगी। रुके कार्य बनेंगे। सुखद यात्रा के योग बनेंगे। सोच-समझकर व्यय करें। पारिवारिक समस्याओं का हल सूझ-बूझ से करेंगे।

**मकर** कष्ट, भय, तनाव का माहौल बनेगा। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। शत्रु पक्ष से सतर्क रहें। आपके कार्यों की परिवार एवं समाज में प्रशंसा होगी। संतान की मदद से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**कुंभ** वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। शुभ समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। अपनी स्थिति, योग्यता के अनुरूप कार्य कर पाएँगे। अनसोचे काम होंगे। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी रखें।

**मीन** घर-परिवार की चिंता रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बाहरी सहायता प्राप्त होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अनायास समस्या सुलझेगी।

# समस्त वास्तु दोष कैसे दूर करें, जानिए उपाय






प्रियंका जैन
9769994439

घर में या घर के बाहर कई तरह के वास्तु दोष हो सकते हैं। वास्तु दोष से कई तरह के रोग या शोक उत्पन्न होते हैं। अतः यदि आपका घर कार्नर का है, तीराहे, चौराहे पर है, दक्षिण दिशा का घर है या घर के अंदर किसी भी प्रकार से वास्तु दोष है, तो आप उक्त 10 उपाय आजमाएं और निश्चिंत हो जाएं।

1. दक्षिण में है घर का द्वार : यदि आपका घर दक्षिणमुखी है, तो आप सबसे पहले घर के सामने द्वारा से दोगुनी दूर पर नीम का एक पेड़ लगाएं। दूसरा यह कि द्वारा के ऊपर पंचमुखी हनुमान का चित्र लगाएं। आदमकद दर्पण भी लगा सकते हैं। मुख्य द्वार के ऊपर पंचधातु का पिरामिड लगवाने से भी वास्तुदोष समाप्त होता है। गणेशजी की पत्थर की दो मूर्ति बनवाएं जिनकी पीठ आपस में जुड़ी हो। इस जुड़ी गणेश प्रतिमा को मुख्य द्वार के बीचों-बीच चौखट पर फिक्स कर दें, ताकि एक गणेशजी अंदर को देखें और एक बाहर को।

2. एक ही सीध में हैं द्वार : यदि आपके मुख्य द्वारा के बाद भीतर के द्वार भी एक ही सीध में हैं तो यह भी वास्तुदोष निर्मित करता है। इसके लिए घर में बीच वाले द्वार के मध्य मोटा परदा लगाएं या विंड चाइम लगाएं। यदि आपके मुख्य द्वार के बाद का हाल या कमरा बड़ा है आप ऐसा भी कर सकते कि दूसरे दरवाजे के ठीक सामने कुछ दूरी पर प्लायवुड का एक द्वार बराबर का पाट लगाएं और उसपर कोई अच्छी सी पेंटिंग लगा दें।

3. रसोई घर नहीं बना है आग्नेय कोण पर तो : यदि आपका रसोई घर आग्नेय कोण में नहीं बना है तो आप रसोईघर में किचन स्टैंड के उत्तर-पूर्व यानी ईशान कोण में ऊपर सिंदूरी गणेशजी की तस्वीर लगाएं या यज्ञ करते हुए ऋषियं की फोटो लगाएं।

## खबर संक्षेप

### सांप काटने से सगे भाई-बहनों समेत तीन बच्चों की मौत

**बाराबंकी।** यूपी के बाराबंकी में बड़ी घटना हो गई। घुंघटेर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में सांप काटने की घटना में सगे भाई-बहनों समेत तीन बच्चों की मौत हो गई। घटना को लेकर घर में कोहराम मचा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तहसील की टीम ने पहुंचकर निरीक्षण किया।

### 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' आरंभ करने के निर्देश

**लखनऊ।** यूपी के युवाओं को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ी घोषणा की है। सीएम योगी ने शिक्षित और प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' आरंभ करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत अगले 10 वर्षों के दौरान 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। यूपी सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के मूल बजट में सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का प्रावधान किया था। अब समय आ गया है कि इस पर अमल शुरू किया जाए।

### पैडलेगंज डिवाइडर से टकराई बाइक, एक युवक की मौत




गोरखपुर। गोरखपुर के पैडलेगंज में बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गुलरिहा क्षेत्र के भटहट क्योंटहा के अभिषेक (20) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि बाइक तेज गति में चलाने की वजह से हादसा हुआ है। घायलों में क्षेत्र के ही रवि और शिवम का नाम शामिल है। घायलों की हालत गंभीर है, इलाज चल रहा है।

# खाटू श्यामजी में सड़कों पर उतरे लोग, पूरा बाजार बंद

**एजेंसी । सीकर**

खाटूधाम में 100 करोड़ की लागत से कॉरिडोर बनने से पहले ही व्यापारी संगठनों ने भजनलाल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। व्यापारी संगठनों ने गुरुवार को सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। खाटूधाम के मास्टर प्लान 2041 के विरोध में सुबह से ही श्याम नगरी पूर्णतया बंद है। संघर्ष समिति के आह्वान पर बंद का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। खाटूधाम में सभी बाजारों की दुकानों सहित होटल, धर्मशाला और गेस्ट हाउस बंद है। ई-रिक्शा ने भी बंद का समर्थन किया है। बंद समर्थकों ने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार ने मांग नहीं मानी तो आने वाले समय में खाटूधाम को लंबे समय तक बंद कर दिया जाएगा।

### भजनलाल सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा



### बंद के चलते श्रद्धालु परेशान

संपूर्ण बाजार बंद होने के चलते श्रद्धालुओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं को खाने पीने की वस्तु सहित आवास की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। वहीं, ई-रिक्शा चालकों द्वारा बंद को समर्थन देने से श्रद्धालुओं को पैदल ही आने-जाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### व्यापारी संगठन खाटूधाम के मास्टर प्लान 2041 को खारिज करने की कर रहे है मांग

व्यापारी संगठन खाटूधाम के मास्टर प्लान 2041 को खारिज करने की मांग कर रहे है। बंद समर्थकों का आरोप है कि मास्टर प्लान को लेकर खाटूश्यामजी कस्बे के रहने वाले लोगों से कोई राय नहीं ली गई। ऐसे में मास्टर प्लान लागू होने से खाटूश्यामजी कस्बा पूरी तरह तहस-नहस हो जाएगा। कस्बे के कई लोगों की जमीन इस मास्टर प्लान में चली जाएगी और वो रोड पर आ जाएंगे। इसके अलावा खाटूश्यामजी में रहने वाले लोगों को भी भारी नुकसान होगा।

### लंबे समय तक खाटूधाम को बंद करने की चेतावनी

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि खाटूश्यामजी मास्टर प्लान 2041 का प्रारूप धरातल से मिलान नही खा रहा है। इसमें आम जनता और व्यापारियों को नुकसान होगा। ऐसे में बंद किया है। आज सुबह से ही खाटूश्यामजी में दुकानें बंद है। साथ ही मास्टर प्लान 2041 को रद्द करने की मांग की। अगर भजनलाल सरकार ने हमारी मांग नहीं मानीं तो आने वाले समय में लंबे समय तक खाटू श्यामजी को बंद किया जा सकता है।

### क्यों हो रहा विरोध?

हाल ही में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने खाटूश्यामजी में कॉरिडोर बनाने व मंदिर को भव्यता प्रदान करने के लिए 100 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान की घोषणा की थी, ताकि इसे अयोध्या व काशी की तर्ज पर विकसित किया जा सके। खाटूधाम में सड़कों की चौड़ाई, चौराहे व पार्क निर्माण होने से लोगों को अपनी दुकानों की जमीन गंवानी पड़ेगी और वो बेरोजगार हो जाएंगे। इसी के चलते स्थानीय लोग भजनलाल सरकार के मास्ट प्लान का विरोध कर रहे हैं।

## योगी ने किया 300 बेड के सुपर स्पेशेलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ

**एजेंसी । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार द्वारा आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (GIS) में हुए एमओयू अब धरातल पर उतरकर भविष्य की बेहतर तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। लखनऊ में गोमतीनगर विस्तार के सेक्टर-4 वसंत खंड स्थित हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल व ट्रॉमा सेंटर इसका उदाहरण है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इस 300 बेडेड सुपर स्पेशेलिटी हॉस्पिटल का बटन दबाकर लोकार्पण व शुभारंभ करते हुए कहा कि यह पवित्र हृदय से किया गया कार्य है। उन्होंने हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल के निर्माण के लिए मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.संदीप कपूर और उनकी पूरी टीम को हृदय से बधाई हुए कहा कि यह गोमती नगर विस्तार के नागरिकों के लिए उपहार है। इस अवसर पर उन्होंने देश में पिछले 10 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए सकारात्मक बदलावों के साथ ही प्रदेश में निवेश, रोजगार और विकास की उन्नति पर प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में इन्वेस्टर समिट के दौरान ही हॉस्पिटल को लेकर एमओयू हुआ था और 200 करोड़ रुपए की लागत से रिकॉर्ड समय में इसका निर्माण कर इसे जनता के लिए समर्पित कर दिया गया है। सीएम योगी ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती और इसमें भी सबसे ज्यादा युवा हैं। उन्हें विकास और रोजगार से जोड़ सकें इसके लिए सरकारी और निजी क्षेत्र में अवसरों को हम चिन्हित करके उन्हें विकसित कर रहे हैं। 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया जिससे 6 .5 लाख से ज्यादा युवाओं को हम नौकरी देने में सक्षम हुए। 2018 में इनवेस्टर समिट के माध्यम से प्रदेश में निवेश के द्वार भी खुल गए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से पहले उत्तर प्रदेश को लेकर एक नकारात्मक स्थिति थी। नए निवेश आना तो दूर, जो निवेश यहां पहले से थे वह भी वाइंडअप करना चाहते थे। उत्तर प्रदेश में अपराध का बोलबाला था, न बेटी सुरक्षित थीं न व्यापारी।

## पेपर लीक मामले में राजस्थान सरकार जल्द करेगी बड़ा खुलासा

**एजेंसी । डूंगरपुर**

डूंगरपुर जिले के प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में एक-दो नहीं 19 बार पेपर लीक हुए हैं। राजस्थान सरकार ने छापेमार कार्रवाई कर कई आरोपितों को पकड़ा है। अभी मछलियां पकड़ी है। लेकिन, जल्द ही मगरमच्छ भी पकड़ में आएंगे और सरकार खुलासा करेगी कि पेपर लीक का मास्टर माइंड कौन है। खराड़ी बुधवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने युवाओं के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात किया है। युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। सरकार पेपर लीक के मुख्य आरोपियों को छोड़ेगी नहीं। इससे पूर्व मंत्री ने प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की बजट से जुड़ी योजनाओं बखान किया। इस मौके पर स्थानीय नेता मौजूद रहे।

## अनियंत्रित ट्रक ने दो छात्रों को रौंदा

**एजेंसी । छपरा**

छपरा जिला के गरखा थाना क्षेत्र के अलोनी बाजार के समीप अनियंत्रित ट्रक ने दो छात्रों को रौंद दिया। जिसमें एक छात्र की मौत हो गई, वहीं दूसरा घायल बताया जा रहा है। बता दें कि दोनो बी। टेक के छात्र हैं। घटना गरखा थाना क्षेत्र के अलोनी बाजार के समीप ठीकहा नहर के पास की बताई जा रही है। बता दें कि दोनो छात्र पटना से घर आ रहे थे। तभी दुर्घटना के शिकार हो गए। मृतक की पहचान अमनौर थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी अमर प्रसाद का 20 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार बताया जा रहा है। वहीं घायल छात्र उमेश महतो का पुत्र मोहित कुमार बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक दोनों छात्र पटना के सत्यम इंजीनियरिंग कॉलेज में बी। टेक फर्स्ट इयर के छात्र हैं। मौत के बाद परिजनों को सूचना मिली तो कोहराम मच गया। वहीं घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल हो गया। घटनास्थल पर पहुंची गरखा थाना की पुलिस मृतक छात्र को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दी है।

## शराब पार्टी के दौरान व्यक्ति की पत्थर से कुचलकर हत्या

**परसुडीह पुलिस ने हत्यारा को खुंटी भागने के दौरान सरायकेला के पास से किया गिरफ्तार**

**एजेंसी । परसुडीह**



परसुडीह थानांतर्गत किताडीह सुपर बॉयज क्लब मैदान के पास रहने वाले तुरतन कंडुलना (50) की पतथर से कूच कर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर उसे पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। वहीं पुलिस ने हत्यार प्रतीक हंस को सरायकेला से खुंटी जाने के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। प्रतीक हंस मूल रूप से खुटी का रहने वाला है। लेकिन वह पिछले करीब दो वर्ष से किताडीह में एक मकान किराये पर लेकर अपने पिता के साथ रह रहा था। घटना बुधवार देर रात की है। मृतक के भाई इदन कंडुलना के बयान पर प्रतीक हंस के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तुरतन कंडुलना और प्रतीक हंस दोनों एक दूसरे को पहले से जानते थे। दोनों पड़ोसी भी है। बुधवार की रात को प्रतीक ने तुरतन कंडुलना को कॉल कर शराब पार्टी करने की बात की।

## इंडियन बैंक ब्रांच से 20 लाख रुपये की लूट

**एजेंसी । दुमका**



दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र से बड़ी खबर आ रही है। गुरुवार दोपहर हंसडीहा के मुख्य बाजार में स्थित इंडियन बैंक की शाखा में लूटपाट हुई है। पांच हथियारबंद अपराधियों ने बैंक कर्मियों को कब्जे में लेकर घटना को अंजाम दिया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक लूट की रकम लगभग 20 लाख रुपये है। इंडियन बैंक का यह ब्रांच झारखंड – बिहार के सीमा पर सरैयाहाट प्रखंड क्षेत्र में स्थित है, जहां से दुमका, देवघर, गोड्डा के अलावा बिहार का बांका जिला भी लगभग समान दूरी पर है। जानकारी के मुताबिक दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र स्थित इंडियन बैंक ब्रांच में पांच हथियार से लैस अपराधी गुरुवार दोपहर आ धमके। सभी अपराधी बाइक से बैंक आए थे। बैंक के अंदर घुसने के बाद उन्होंने सभी कर्मियों को हथियार के बल पर अपने कब्जे में कर लिया।

## हाइवे की समीप से अज्ञात शव बरामद

**एजेंसी । मुजफ्फरपुर**



बिहार के मुजफ्फरपुर में गुरुवार की सुबह हाइवे के समीप अज्ञात युवक का शव मिला है। शव को बोरा में बांध कर रोड के किनारे फेंक दिया गया। घटना की जानकारी के बाद पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा, एफएसएल की टीम जांच में जुटी। मुजफ्फरपुर में गुरुवार की सुबह ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के NH-28 के बैरिया के समीप की घटना है। लोगों ने अज्ञात शव को देखा, जिसके बाद सड़क पर लोगों की भीड जमा हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद डीएसपी-2 विनता सिन्हा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची।




## सेंसेक्स 581 अंक गिरकर 78,886 पर बंद

**निफ्टी भी 180 अंक फिसला, IT और एनर्जी शेयर में ज्यादा गिरावट रही**

**एजेंसी । मुंबई**

शेयर बाजार में आज यानी 8 अगस्त को गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 581 अंक की गिरावट के साथ 78,886 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 180 अंक की गिरावट रही, ये 24,117 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में गिरावट और 6 में तेजी देखने को मिली है। आज IT, एनर्जी, बैंकिंग और मेटल शेयर्स में ज्यादा गिरावट है। निफ्टी IT इंडेक्स में 1.95% की गिरावट रही। ऑयल एंड गैस, रियलिटी और मेटल इंडेक्स में 1% से ज्यादा की गिरावट रही। इंफोसिस, रिलायंस, लार्सन एंड टुब्रो और ICICI बैंक ने बाजार को नीचे खींचा। बाजार को गिराने में सबसे ज्यादा इंफोसिस का 160.90 प्वाइंट का कॉन्ट्रिब्यूशन रहा। जबकि, HDFC बैंक, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल और ITC ने बाजार को ऊपर खींचा।



### एशियाई बाजार में रहा मिला-जुला कारोबार

एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार देखने को मिला है। जापान के निक्केई में 0.74% की तेजी रही। वहीं हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग 0.08% और कोरिया का कोस्पी 0.45% गिरा। चीन का शंघाई कंपोजिट फ्लैट बंद हुआ।

### सीगल इंडिया का शेयर लिस्टिंग के बाद 3.55% गिरकर बंद हुआ

इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की कंपनी सीगल इंडिया लिमिटेड का शेयर 8 अगस्त को शेयर बाजार में लिस्ट हुआ। कंपनी का शेयर BSE पर 413 रुपए पर लिस्ट हुआ है। वहीं NSE पर 4.5% प्रीमियम के साथ 419 रुपए पर लिस्ट हुआ है। इसके लिए प्राइस बैंड 380 से 401 रुपए प्रति शेयर रखा गया था। हालांकि लिस्टिंग के बाद इसके शेयर में गिरावट देखने को मिली और NSE पर ये 14.25 रुपए (3.55%) गिरकर 386.75 रुपए पर बंद हुआ।

## कोचीन शिपयार्ड को पहली तिमाही में ₹174 करोड़ मुनाफा

**एजेंसी । मुंबई**

जहाज बनाने और मेंटेनेंस करने वाली कंपनी कोचीन शिपयार्ड को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 174 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। एक साल पहले की समान तिमाही के मुकाबले इसमें 76% की बढ़ोतरी हुई है। Q1FY24 (वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही) में कंपनी को 99 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। कंपनी के संचालन से कॉन्सोलिडेटेड रेवेन्यू (आय) की बात करें तो अप्रैल-जून तिमाही में यह 771 करोड़ रुपए रहा है। सालाना आधार पर इसमें 62% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 476 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।

## MRF को पहली तिमाही में 571 करोड़ का मुनाफा

**सालाना आधार पर 3% कम हुआ, कमाई 12% बढ़ी; शेयर में 4% की तेजी रही**

**एजेंसी । मुंबई**

भारत में टायर बनाने वाली कंपनी MRF यानी मद्रास रबर फैक्ट्री को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 571 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर इसमें 3% की कमी आई है। एक साल पहले की समान तिमाही यानी Q1FY24 में यह 588.75 करोड़ रुपए था। कंपनी के संचालन से कॉन्सोलिडेटेड रेवेन्यू (आय) की बात करें तो अप्रैल-जून तिमाही में यह 7,196.45 करोड़ रुपए रहा है। सालाना आधार पर इसमें 11.74% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 6,440.29 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।




**नतीजों के बाद MRF के शेयर में 6,325 की तेजी**

नतीजों के बाद MRF का शेयर आज (8 अगस्त) 3.93% या 5,287 रुपए की तेजी के बाद 1,39,893 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। कंपनी का शेयर पिछले एक महीने में 8.64% और एक साल में 29.97% का पॉजिटिव रिटर्न दिया है। जबकि 6 महीने में 1.82% गिरा है। MRF का शेयर इस साल 8.09% रिटर्न दिया है। कंपनी का मार्केट कैप करीब 60 हजार करोड़ रुपए है। MRF के शेयर्स ने जनवरी में इतिहास रच दिया था। MRF के स्टॉक ने 17 जनवरी को कारोबारी सत्र में 1.5 लाख रुपए का रिकॉर्ड आंकड़ा पार कर लिया था।

## सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

**गोल्ड 98 गिरकर 68,843 पर आया, चांदी 559 गिरकर 78,600 प्रति किलो हुई**

**एजेंसी । नई दिल्ली**



सोने-चांदी की कीमतों में 8 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 98 रुपए गिरकर 68,843 रुपए का हो गया है। कल इसके दाम 68,941 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं एक किलो चांदी 559 रुपए गिरकर 78,600 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 79,159 रुपए किलो प्रति पर थी। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी।

### 4 महानगरों में सोने की कीमत

**दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 63,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 69,420 रुपए है।
**मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 63,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 69,270 रुपए है।
**कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 63,350 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 69,270 रुपए है।
**चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 63,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 69,270 रुपए है।

## बैंक निफ्टी में शामिल होगा केनरा बैंक

**बंधन बैंक की जगह लेगा, ट्रेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स निफ्टी 50 में होंगे शामिल**

**एजेंसी । मुंबई**

केनरा बैंक सितंबर के फेरबदल में बैंक निफ्टी इंडेक्स में शामिल हो सकता है, जो बंधन बैंक की जगह लेगा। इसके साथ ही टाटा ग्रुप की रिटेल फर्म ट्रेंट लिमिटेड और स्टेट ओर्न डिफेंस ज्याइंट भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड निफ्टी 50 में शामिल हो सकते हैं, ये दोनो कंपनियां LTI माइंडट्री और डिविज लेबोरेटरीज की जगह लेंगी। नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वांटिटेटिव रिसर्च ने अपने लेटेस्ट नोट में यह बात कही है। सेंसेक्स में 9% की बढ़त की तुलना में ट्रेंट लिमिटेड के शेयर्स में अब तक 89% की बढ़ोतरी हुई है, जबकि इसी अवधि के दौरान भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में 62% की बढ़ोतरी हुई है। कट ऑफ के तौर पर जुलाई के आखिर तक के एवरेज मार्केट कैप के आधार पर इसके बारे में विचार किया जाएगा। अगस्त के तीसरे-चौथे हफ्ते में निफ्टी इंडेक्स में कंपनियों के फेरबदल के बारे में ऐलान किया जा सकता है।




### ट्रेंड लिमिटेड में आएगा 500 मिलियन डॉलर का इनफ्लो

नुमावा ऑल्टरनेटिव एंड क्वांटिटिव के हेड अभिलाष पगारिया ने कहा- हमें यकीन है कि निफ्टी 50 में ट्रेंट लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स को शामिल किया जाएगा। अगर यह बदलाव होता है तो ट्रेंड लिमिटेड में 500 मिलियन डॉलर और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में 440 मिलियन डॉलर का इनफ्लो आएगा। वहीं, LTI माइंडट्री में 210 मिलियन डॉलर और डिविज लेबोरेटरीज में 260 मिलियन डॉलर का आउटफ्लो देखने को मिल सकता है।

### ट्रेंट लिमिटेड इस साल अब तक 88% का रिटर्न दिया

केनरा बैंक ने इस साल अब तक 21% का पॉजिटिव रिटर्न दिया है। जबकि बंधन बैंक के शेयर में 18% से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, ट्रेंट लिमिटेड इस साल अब तक 88% और 61% से ज्यादा चढ़ चुका है। इसके विपरीत LTI माइंडट्री में इस साल अब तक 14% से ज्यादा का निगेटिव रिटर्न दिया है। हालांकि, डिविज लेबोरेटरीज ने 1 जनवरी 2024 से लेकर अब तक 23.43% का पॉजिटिव रिटर्न दिया है। नुवामा अल्टरनेटिव को उम्मीद है कि निफ्टी नेक्स्ट 50 में JSW स्टील लिमिटेड, NHPC लिमिटेड, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और इंडियन ओवरसीज बैंक शामिल होंगे।

# ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने जीता 13वां मेडल

## लगातार दूसरी बार कांस्य पदक पर कब्जा
## स्पेन को 2-1 से धोया

एजेंसी । पेरिस

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को स्पेन को हराकर पेरिस ओलंपिक का कांस्य पदक जीता है। भारत ने पचास साल बाद ओलंपिक में लगातार दूसरी बार पदक जीता। इससे पहले 1968 में मैक्सिको और 1972 में म्युनिख ओलंपिक में भारत ने कांस्य जीता था। इसके साथ ही ओलंपिक में आठ बार की चैम्पियन भारतीय हॉकी टीम का यह 13वां पदक है। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 30वें और 33वें मिनट में गोल दागा। वहीं स्पेन के लिए मार्क मिरालेस ने 18वें मिनट में गोल किया। इस जीत के साथ ही भारतीय हॉकी के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया। भारत के गोलकीपर के लिए ये आखिरी इंटरनेशनल मैच था। खिलाड़ियों ने श्रीजेश को ये जीत समर्पित की है। ओलंपिक में 44 साल बाद स्वर्ण जीतने का भारतीय हॉकी टीम का सपना जर्मनी ने तोड़ दिया था। सेमीफाइनल में जर्मनी के हाथों भारत को 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था।



### भारत ने ओलंपिक में जीता 13वां मेडल

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के साथ ही ओलंपिक में अपने पदकों की संख्या 13 कर ली है। भारत आठ बार ओलंपिक चैंपियन रही है। हॉकी टीम ने रोम 1960 में सिल्वर मेडल जीता था। जबकि चार बार कांस्य पदक अपने नाम कर चुकी है। भारत ने 1972 के बाद पहली बार लगातार ओलंपिक में मेडल जीता है।

### भारत ने बनाई बढ़त

ब्रेक के बाद भारतीय टीम आक्रामक तेवरों के साथ उतरी और तीसरे ही मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को तब्दील करके हरमनप्रीत ने 2-1 से बढत दिला दी। हरमनप्रीत का यह टूर्नामेंट में 11वां गोल था। दो मिनट बाद जवाबी हमले में स्पेन को मिले पीसी पर मिरालेस गोल नहीं कर सके। वहीं भारत को 37वें और स्पेन को 40वें मिनट में मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया। आखिरी पंद्रह मिनट में सुखजीत ने फिर एक मौका गंवाया जबकि स्पेन को 59वें मिनट में दो और फिर आखिरी मिनट में मिले दो और पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए।

### मिरालेस ने किया मैच का पहला गोल

स्पेन के लिए 10वें मिनट में मोस मारिया बास्टेरा के शॉट का हरमनप्रीत ने बचाव किया। पहले क्वार्टर तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर में स्पेन को 18वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिस पर मिरालेस ने आसानी से गोल कर दिया। स्पेन को दो मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर भी मिला लेकिन रोहिदास ने जबर्दस्त बचाव किया। रोहिदास ने खास तौर पर डिफेंस में बेहतरीन प्रदर्शन किया जिनकी कमी जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में उनके प्रतिबंधित होने के कारण खली थी।

### हरमनप्रीत ने कराई बराबरी


स्पेन की टीम 25वें मिनट में एक और गोल करने के करीब पहुंची जब गेरार्ड क्लापेस ने सुमित से गेंद छीनी और श्रीजेश के ठीक सामने उन्हें चकमा देकर गोल के भीतर डालने की कोशिश की और भारतीय टीम भाग्यशाली रही कि उनका निशाना ठीक नहीं लगा। स्पेन को दो मिनट बाद मिला पेनल्टी कॉर्नर भी बचा लिया गया। भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर 28वें मिनट में मिला लेकिन रोहिदास गोल नहीं कर सके। हाफटाइम से कुछ सेकंड पहले मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके हरमनप्रीत ने भारत को बराबरी दिलाई।

### दिग्गज पीआर श्रीजेश ने खेला आखिरी मैच



भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में स्पेन के खिलाफ अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला। उन्होंने इसके साथ ही अपने 18 साल के लंबे करियर को अलविदा कह दिया है। श्रीजेश ने अपने चौथे ओलंपिक खेलों से पहले ही संन्यास की घोषणा कर दी थी। उन्होंने तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# बैडमिंटन: लक्ष्य निश्चित रूप से पदक के हकदार थे -एक्सेलसन



एजेंसी । नई दिल्ली

पेरिस खेलों में अपने खिताब की रक्षा करने वाले दो बार के विश्व चैंपियन विक्टर एक्सेलसन ने कहा है कि युवा भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ओलंपिक में अपने 'शानदार प्रदर्शन के लिए निश्चित रूप से पदक के हकदार थे। 22 साल के लक्ष्य इस साल ओलंपिक में सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी बने लेकिन डेनमार्क के सुपरस्टार एक्सेलसन से अंतिम चार के मुकाबले में हार गए थे। उसके बाद कांस्य पदक के प्ले ऑफ में भी उन्हें मलेशिया के ली जी जिया से हार का सामना करना पड़ा।

### एक्सेलसन ने और क्या लिखा?



'एक्स पर लक्ष्य के प्रशंसकों से मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने वाली पोस्ट पर जवाब देते हुए एक्सेलसन ने लिखा, आगे बढ़ते रहो भाई। आप वास्तव में खुद पर गर्व कर सकते हो। काश, सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले सभी खिलाड़ी पदक जीते पाते क्योंकि आप निश्चित रूप से इसके हकदार हो। खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए आप सभी को बधाई। सेमीफाइनल में लक्ष्य को 22-20, 21-14 से हराने वाले एक्सेलसन ने अगले ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ी को स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदारों में से एक बताया था। एक्सेलसन ने लिखा था, लक्ष्य एक शानदार खिलाड़ी है। उसने इस ओलंपिक में दिखाया है कि वह एक बहुत ही मजबूत प्रतिस्पर्धी है और मुझे यकीन है कि अब से चार साल बाद, वह स्वर्ण जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक होगा। (वह) एक अद्भुत प्रतिभा और एक शानदार व्यक्ति है और मैं उसे शुभकामनाएं देता हूं।

## ज्योति याराजी महिला 100 मीटर बाधा दौड़ से बाहर

एजेंसी । पेरिस

भारत की 100 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी ज्योति याराजी रेपेचेज हीट एक में चौथे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गईं और पेरिस ओलंपिक खेलों से बाहर हो गईं। हीट एक में ज्योति ने 13.17 सेकंड का समय लिया और वह हीट में सात धावकों में चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने रेपेचेज दौर में हिस्सा लेने वाली 21 धावकों में 16वां स्थान हासिल किया। ज्योति की हीट से दक्षिण अफ्रीका की मारियोन फोरी (12.79 सेकंड) और नीदरलैंड्स की मायकी जिन-ए-लिम (12.87 सेकंड) ने पहले दो स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। 24 साल की ज्योति का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकंड का है।

## 1,050 एथलीटों को प्रशिक्षण दिया जा रहा: खेल मंत्री

एजेंसी । नई दिल्ली



केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार वर्तमान में 'टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत चुने गए 1,050 एथलीटों को प्रशिक्षण मुहैया करा रही है और उनके प्रशिक्षण से लेकर अंतरराष्ट्रीय भागीदारी के लिए सभी खर्च वहन किए जा रहे हैं। मंडाविया ने एनसीपी सदस्य फौजिया खान के अनुपूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि खेलो इंडिया के तहत सरकार ने हर जिले में एक केंद्र बनाया है। यह राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 14 साल से अधिक उम्र के छात्रों के लिए प्रतियोगिताएं भी आयोजित कर रहा है।

## ओलंपिक पदक विजेता शूटर कुसाले का भव्य स्वागत

### कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य जीता था

दोपहर संवाददाता । पुणे

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज स्वप्निल कुसाले का गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे शहर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कुसाले ने पिछले हफ्ते 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहला ओलंपिक कांस्य पदक जीता था। सुबह पुणे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पारंपरिक ढोल-ताशों की थाप के बीच लोगों ने कुसाले का स्वागत किया।



### महाराष्ट्र सरकार उन्हें एक करोड़ रुपये का पुरस्कार देगी

कुसाले के कांस्य पदक जीतने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें एक करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। मध्य रेलवे ने भी कुसाले को पदोन्नत कर विशेष कार्य अधिकारी नियुक्त किया है। वह 2015 में मध्य रेलवे के पुणे डिविजन में 'कमर्शियल कम टिकट क्लर्क के पद पर शामिल हुए थे। कुसाले ने इससे पहले 2023 में चीन में एशियाई खेलों में, 2022 में बाकू में हुए विश्व कप और 2021 में नयी दिल्ली में स्वर्ण पदक जीते थे।

# राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर ने पहली बार मिलाया हाथ

राजकुमार राव को आखिरी बार फिल्म 'श्रीकांत' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इन दिनों राजकुमार फिल्म 'स्त्री 2' के प्रचार में व्यस्त हैं। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' भी उनकी बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। अब राजकुमार की एक और फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है।





### मानुषी छिल्लर होंगी राजकुमार की जोड़ीदार

रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजकुमार ने अपनी फिल्म के लिए भूमि पेडनेकर की 'भक्षक' के निर्माता पुलकित के साथ हाथ मिलाया है। वह इस आगामी फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। इस फिल्म का निर्माण कार्तिक आर्यन की 'फ्रेडी' के निर्माता जय शेवक्रमणी करेंगे। इस फिल्म के लिए राजकुमार ने हामी भर दी है। खास बात यह है कि पुलकित की इस फिल्म में राजकुमार की जोड़ी मानुषी छिल्लर के साथ बनने वाली है। दोनों को पहली बार साथ देखा जाएगा।

### मानुषी को पसंद आ गई फिल्म की स्क्रिप्ट

राजकुमार और मानुषी की यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। एक सूत्र ने कहा, 'निर्माता नई जोड़ी की तलाश में थे और राजकुमार और मानुषी की जोड़ी कुछ नया लेकर आई है। फिल्म में दोनों की जोड़ी दिलचस्प होगी।' फिल्म की कहानी लिखी जा चुकी है और मानुषी को स्क्रिप्ट पसंद आ गई है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू हो सकती है।

# नागा चैतन्य ने शोभिता धुलिपाला से की सगाई


तेलुगु सिनेमा के जाने-माने अभिनेता नागा चैतन्य ने आज यानी 8 अगस्त को अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला से सगाई कर ली है। दोनों पिछले 3 साल से एक-दूजे को डेट कर रहे थे। नागा के पिता और दिग्गज अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी ने सोशल मीडिया पर नागा-शोभिता की सगाई की दो तस्वीरें साझा की हैं, जिसे प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। इसके साथ नागार्जुन अपने बेटे और बहू को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया है।



### नागार्जुन ने बेटे-बहू को दिया आशीर्वाद

नागार्जुन ने लिखा, 'हमें अपने बेटे नागा चैतन्य की सगाई की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। नागा चैतन्य ने आज सुबह 9:42 बजे शोभिता धुलिपाला से सगाई की। हम उन्हें अपने परिवार में स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं। खुशहाल जोड़े को बधाई। उन्हें जीवन भर प्यार और खुशियों की शुभकामनाएं। भगवान भला करे। अनंत प्रेम की शुरुआत।' नागा ने 2017 में सामंथा रुथ प्रभु से शादी की थी, लेकिन 2021 में दोनों का तलाक हो गया।

# अक्षय कुमार ने दरगाह को दान किए 1.21 करोड़ रुपये




अभिनेता अक्षय कुमार समय-समय जरूरत पड़ने पर योगदान करके सामाजिक भागीदारी निभाते रहे हैं। कोरोना काल में उन्होंने 'PM केयर्स फंड' के लिए 25 करोड़ रुपये का दान किया था। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भी खिलाड़ी कुमार ने 3 करोड़ रुपये दान किए थे। अब अक्षय ने साबित कर दिया है कि धर्म की कोई सीमा नहीं होती। दरअसल, अभिनेता ने मुंबई स्थित हाजी अली दरगाह में 1.21 करोड़ रुपये दान किए हैं।

### अक्षय का हुआ गर्मजोशी से स्वागत


आज (8 अगस्त) अक्षय हाजी अली दरगाह पहुंचे और 1.21 करोड़ रुपये दान किए। उन्होंने दरगाह में चादर भी चढ़ाई। दरगाह ट्रस्ट और माहिम दरगाह ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी सुहैल खंडवानी ने टीम के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अक्षय का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह दरगाह के अंदर प्रवेश करते हुए नजर आ रहे हैं। काम के मोर्चे पर बात करें तो अक्षय की फिल्म 'खेल खेल में' 15 अगस्त को रिलीज होगी।


# 'पुष्पा 2' से फहाद फासिल की पहली झलक आई सामने



भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता फहाद फासिल आज यानी 8 अगस्त को अपना 42वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उनके प्रशंसकों को बड़ा तोहफा मिला है। दरअसल, फिल्म 'पुष्पाः द रूल' से फहाद की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें वह हाथ में बंदूक थामे नजर आ रहे हैं। पोस्ट में उनका धांसू अवतार दिख रहा है। इस फिल्म में फासिल SP भंवर सिंह शेखावत की भूमिका को दोहराते हुए नजर आएंगे। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पाः द रूल' इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 2021 में आई 'पुष्पाः द राइज' की दूसरी किस्त है। यह फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म को आप हिंदी समेत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के साथ बंगाली भाषा में देख पाएंगे।

# अभय वर्मा को मिला शाहरुख खान का साथ





बॉलीवुड के कई ऐसे कलाकार हैं, जो शाहरुख खान के जबरदस्त प्रशंसक हैं, लेकिन उन्हें अभी तक किंग खान के साथ काम करने का मौका नहीं मिल पाया है। उधर महज 2-3 फिल्में पुराने अभय वर्मा को शाहरुख का साथ मिल गया है। बताया जा रहा है कि उनकी फिल्म 'किंग' में एंट्री हो गई है और इस फिल्म से जुड़कर अभय की खुशी का ठिकाना नहीं है।

### 'मुंज्या' के बाद बढ़ गई अभय की मांग

रिपोर्ट के मुताबिक, 'किंग' से अभय भी जुड़ गए हैं और वह इसमें एक खास भूमिका निभाने वाले हैं। 'मुंज्या' में अभय ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया है और इसी फिल्म की बदौलत उन्हें 'किंग' जैसी बड़ी फिल्म का हिस्सा बनाया गया है। अभय के पास कई दिलचस्प प्रस्ताव आ रहे हैं और अब वह 'किंग' में शाहरुख और उनकी बेटी सुहाना खान के साथ अहम भूमिका निभाते दिखेंगे।

### सुहाना के साथ रोमांस कर सकते हैं अभय

'किंग' में अभय क्या किरदार निभाने वाले हैं, यह जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इतना जरूर है कि वह इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं और इससे भी ज्यादा उत्साह और खुशी उन्हें शाहरुख के साथ काम करने की है। वैसे खबरों की मानें तो फिल्म में अभय, सुहाना के साथ इश्क फरमा सकते हैं। बता दें कि अभय, शाहरुख को अपना आदर्श मानते हैं। वह उनसे काफी प्रेरित हैं और उन्हीं की तरह जिंदगी जीना चाहते हैं।

# रोमांटिक फिल्मों में लौटना चाहते हैं: संजू बाबा

बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त अपनी पिछली फिल्म 'घुड़चढ़ी' के बाद जल्द ही तेलुगू साइंस फिक्शन फिल्म 'डबल इस्मार्ट' में नजर आएंगे। फिल्म में वे अभिनेता राम पोथिनेनी, काव्या थापर, सियाजी शिंदे और अन्य कलाकारों के साथ नजर आएंगे।

हाल ही में मुंबई में इस फिल्म का सॉन्ग 'बिग बुल' रिलीज किया गया जहां फिल्म की पूरी कास्ट मौजूद थी। इस दौरान मंच पर उपस्थित होस्ट ने संजय से प्रश्न करते हुए पूछा कि काफी समय उन्होंने एक रोमांटिक फिल्म नहीं की है। क्या वे आनेवाले समय में किसी रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे? इस पर संजू बाबा ने कहा, 'आप क्या कहते हो? हां, अगर कोई अच्छी फिल्म मिलेगी रोमांस भी कर लेंगे। हमारा जो जनरेशन है वो मॉस ऑडियंस के लिए फिल्में बनाता था। तो हम लोग मासी हीरो है। हां, मैंने एक बार साजन फिल्म की थी। बहुत अच्छी फिल्म थी और गाने भी अच्छे थी। एक और साजन कर लेंगे।' बता



दें कि साल 1991 में आई संजय दत्त की फिल्म 'साजन' उस समय सुपरहिट साबित हुई थी। फिल्म के गाने भी बेहद हिट थे. फिल्म को मिली सफलता के बाद उसे दोबारा तेलुगू भाषा में 'अल्लारी प्रियुदु' के नाम से रिलीज की जाएगी।

बाद में अभिनेता से प्रश्न किया गया कि साउथ की फिल्मों में काम करने का उनका अनुभव कैसा रहा है। तो उन्होंने कहा, 'मैं नहीं जानता लेकिन दक्षिण की किसी फिल्म में काम करना मेरे लिए भी एक चुनौती है. नेगेटिव रोल में काफी कुछ करने को मिलता है। आप मार खाते हो, मारते हो। अपने जीवन में कई सारी फिल्में करने के बाद नेगेटिव रोल करने से संतुष्टि मिलती है क्योंकि इसमें विविधता है।' बता दें कि संजय की हालिया रिलीज 'घुड़चढ़ी' में वे रवीना टंडन के साथ नजर आए थे। फिल्म में खुशाली कुमार और पार्थ समथान भी लीड रोल में थे।

न्यूज़ ब्रीफ

### पश्चिम बंगाल के पूर्व CM बुद्धदेव भट्टाचार्य का 80 की उम्र में निधन



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और CPI (M) नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य का गुरुवार (8 अगस्त) को निधन हो गया। पूर्व CM ने 80 साल की उम्र में कोलकाता स्थित घर पर अंतिम सांस ली। बुद्धदेव बढ़ती उम्र से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित थे। उन्हें सांस लेने में भी दिक्कत थी। पिछले कुछ समय से उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। पिछले साल उन्हें निमोनिया भी हुआ था। लाइफ सपोर्ट पर रहने के बाद वे ठीक हो गए थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी मीरा और बेटी सुचेतना हैं। भट्टाचार्य ने CPI (M) की सरकार में 2000 से 2011 तक, 11 साल बंगाल CM का पद संभाला। 1977 से 2000 तक ज्योति बसु के नेतृत्व में CPI (M) की सरकार थी। लगातार 34 साल सत्ता में रहने के बाद 2011 में तृणमूल कांग्रेस ने कम्युनिस्ट पार्टी को सत्ता से हटाया था। उन्होंने 2022 में पद्म भूषण लेने से इनकार कर दिया था। वे अपनी साधारण जीवनशैली के लिए जाने जाते थे। वे अब तक पाम एवेन्यू के उस दो बेडरूम वाले फ्लैट में ही रह रहे थे, जहां से वह कभी राज्य चलाते थे।

### दिल्ली पुलिस ने सड़कों पर आतंकियों के पोस्टर लगाए

**नई दिल्ली।** 78वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के चलते राजधानी दिल्ली में पुलिस समेत अन्य सुरक्षाबल अलर्ट पर हैं। गुरुवार (8 अगस्त) को दिल्ली पुलिस के जवानों ने खान मार्केट के पास अलकायदा और खालिस्तान से जुड़े आतंकियों के पोस्टर लगाए हैं। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को दिल्ली स्थित लाल किले से प्रधानमंत्री देश के नाम संबोधन देंगे। यह स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाला देश का सबसे बड़ा कार्यक्रम माना जाता है। ऐसे में सुरक्षाबल राजधानी के चप्पे-चप्पे पर कड़ी निगरानी रख रही है।

### जम्मू कश्मीर के दो टॉप पुलिस अफसरों ने लिया वीआरएस

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, आगामी 30 सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव होने हैं। विभिन्न दल भी चुनाव लड़ने के लिए रणनीति तैयार कर रहे हैं। इस बीच जम्मू कश्मीर के दो टॉप पुलिस अधिकारियों ने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। दोनों अफसर एसएसपी रैंक के अधिकारी हैं। एक ने इस्तीफा दे दिया है तो दूसरे ने वीआरएस के लिए अपने कागज विभाग में जमा कर दिए हैं। दोनों अफसरों के भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की चर्चा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2023 में सरकार को आदेश दिया था कि सितंबर 2024 से पहले जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराएं जाएं। अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 हटाए जाने से जम्मू कश्मीर ने विशेष राज्य का दर्जा खो दिया था। इसके साथ जम्मू कश्मीर दो केंद्रशासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बंट गया था। आगामी 30 सितंबर पहले जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव में मजबूत उपस्थिति दर्ज करने के लिए विभिन्न दलों द्वारा अपनी रणनीति तय की जा रही है।

# लोकतंत्र बहाल होने पर शेख हसीना लौटेंगी स्वदेश

## बांग्लादेश में अपने लोगों को अकेला नहीं छोड़ेंगे : जॉय

**एजेंसी । कोलकाता**

शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश में लोकतंत्र बहाल होते ही उनकी मां अपने देश लौटेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में अशांति फैलाने में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। एक विशेष साक्षात्कार में जॉय ने कहा कि यह सच है कि मैंने पहले कहा था कि वह बांग्लादेश नहीं लौटेंगी। लेकिन बीते दो दिनों में हमारी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर लगातार हमलों से काफी कुछ बदला है। अपने लोगों को सुरक्षित रखने के लिए हमें जो करना होगा हम करेंगे। हम उन्हें अकेला नहीं छोड़ेंगे।

### 'हिंसा में आईएसआई की संलिप्तता के संकेत'

बांग्लादेश में अशांति फैलाने के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराते हुए जॉय ने कहा कि ऐसे साक्ष्य हैं जो विदेशी हस्तक्षेप और आईएसआई की कथित संलिप्तता का संकेत देते हैं। जॉय ने बताया कि दंगाइयों ने पुलिस पर बंदूकों से हमला किया जो सिर्फ आतंकी संगठनों और विदेशी शक्तियों द्वारा दी गई होंगी। उन्होंने सीआईए जैसी अमेरिकी खुफिया एजेंसी की संलिप्तता की भी आशंका जताई। हालांकि, चीन की भूमिका से इनकार किया।



### 'देशवासियों को बेसहारा नहीं छोड़ेंगे'

जॉय ने इस सवाल पर सीधे टिप्पणी नहीं की कि क्या वे और उनकी बहन साइमा वाजेद राजनीति में आएंगे। शेख हसीना के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सलाहकार रहे जॉय ने कहा कि मैं बांग्लादेश को बचाने और अवामी लीग की रक्षा के लिए जो भी करना होगा वह करूंगा। मुजीब परिवार उन्हें बेसहारा नहीं छोड़ेगा।

### 'भारत त्वरित कार्रवाई करे'

बांग्लादेश में 'इंडिया-आउट' अभियान से जुड़े सवाल पर जॉय ने कहा, भारत विरोधी ताकतें पहले से काफी सक्रिय हैं। अवामी लीग के सत्ता से बाहर होने के बाद आईएसआई अब भारत विरोधी ताकतों को जितने चाहें उतने हथियारों की आपूर्ति करने को स्वतंत्र है। जॉय ने कहा, इससे पहले कि भारत विरोधी ताकतें और मजबूत हों, भारत को तेजी से कार्रवाई करनी चाहिए।

### 'रक्तपात रोकने को प्राथमिकता दी '

इन दावों का खंडन करते हुए कि हसीना अपनी जान बचाने के लिए भाग गईं, जॉय ने कहा कि परिवार ने रक्तपात रोकने को प्राथमिकता दी। मां देश छोड़ने को तैयार नहीं थीं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा टीम अंत तक उनकी सुरक्षा के लिए तैयार थी। लेकिन इससे पीएम आवास की ओर मार्च कर रहे सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की मौत हो जाती। हमने बांग्लादेश की खातिर उन्हें (हसीना) देश छोड़ने के लिए मना लिया।

## सरकार गिरने के बाद से 232 लोगों की मौत



**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद हुई हिंसक घटनाओं में देशभर में कम से कम 232 लोगों की मौत हुई है। इसी के साथ जुलाई के मध्य में शुरू हुए आरक्षण विरोधी प्रदर्शन के बाद से मरने वालों का आंकड़ा 560 हो गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हसीना के सत्ता से हटने के बाद बुधवार शाम तक कुल 232 लोगों की मौत हो चुकी थी। इससे पहले, 16 जुलाई से चार अगस्त तक सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था को लेकर हुए आंदोलन के दौरान हुई झड़पों में लगभग 328 लोग मारे गए। कुल मिलाकर, पिछले 23 दिनों में तकरीबन 560 लोगों ने जान गंवाई। 232 में से ज्यादातर लोगों की मौत मंगलवार को हुई। कुछ लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### जेल से 209 कैदी फरार :

इस बीच, गाजीपुर में मंगलवार को काशीमपुर की उच्च सुरक्षा वाली जेल से करीब 209 कैदी भाग गए। जेल के सुरक्षाकर्मियों ने कैदियों को भागने से रोकने के लिए गोलियां चलाईं। जेल सूत्रों ने बताया कि इस घटना में तीन उग्रवादियों समेत छह लोगों की मौत हो गई।

### देश छोड़कर भाग रहे दो नेता हिरासत में :

इस बीच, हसीना की अवामी लीग के दो नेताओं को देश से भागने की कोशिश करते समय बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जवानों ने हिरासत में ले लिया। इनकी पहचान राजशाही नगर निगम वार्ड पार्षद और राजशाही मेट्रोपोलिटन अवामी लीग के महासचिव रजब अली और उसके सहयोगी जाकिर हुसैन के तौर पर हुई है।

## मंदिरों-मठों का होगा रजिस्ट्रेशन, बतानी होगी अचल संपत्ति

**एजेंसी । पटना**

बिहार में अब सभी जिलों में संचालित बिना रजिस्ट्रेशन के मंदिरों, मठों और ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन करवाया जाएगा। बिहार सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों के डीएम यानी जिलाधिकारियों को रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही मंदिरों, मठों और ट्रस्टों की अचल संपत्तियों का विवरण भी राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही जिन मंदिरों और मठों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है उनसे संबंधित अचल संपत्तियों का विवरण भी तुरंत बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड (BSBRT) को उपलब्ध कराया जाए ताकि इसे उसकी वेबसाइट पर अपलोड किया जा सके।

### कानून मंत्री नितिन नवीन ने दिया बयान



राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड बिहार सरकार के विधि विभाग के अंतर्गत आता है। पूरे मामले पर बिहार सरकार के कानून मंत्री नितिन नवीन ने बताया है कि सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सुनिश्चित करें कि सभी अपंजीकृत मंदिरों, मठों और ट्रस्ट का प्राथमिकता के आधार पर पंजीकरण किया जाए। इसके साथ ही अचल संपत्तियों का ब्योरा तुरंत बीएसबीआरटी को उपलब्ध कराया जाए। कानून मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि अभी तक केवल 18 जिलों ने ही बीएसबीआरटी को आंकड़ा उपलब्ध कराया है।

### मंदिरों की अचल संपत्तियों की बिक्री/खरीद पर रोक

कानून मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि सभी जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य में जिन मंदिरों और मठों का पंजीकरण हो चुका है उनकी अचल संपत्तियों की बिक्री/खरीद न हो। उन्होंने बताया कि बिहार हिंदू धार्मिक ट्रस्ट अधिनियम, 1950 के अनुसार, बिहार में सभी सार्वजनिक मंदिरों/मठों, ट्रस्ट और धर्मशालाओं को बीएसबीआरटी के तहत पंजीकृत होना चाहिए। अचल संपत्तियों की बिक्री/खरीद का काम अवैध है और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### राज्य में कितने अपंजीकृत मंदिर या मठ?

BSBRT को 35 जिलों से मिले ताजा डेटा के अनुसार, राज्य में करीब 2,512 अपंजीकृत मंदिर या मठ हैं और उनके पास 4321.64 एकड़ भूमि है। बिहार सरकार के विधि विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में पंजीकृत मंदिरों की कुल संख्या करीब 2,499 है और उनके पास 18,456 एकड़ से अधिक भूमि है।

## केरल में मिला दिमाग पर असर डालने वाला वायरस

### 8 महीने में 15 मामले, 5 की मौत; पुणे में जीका वायरस के सात नए केस मिले

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केरल में ब्रेन पर असर डालने वाले नए वायरस की पहचान हुई है। केरल सरकार ने इसका नाम अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस बताया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने 7 अगस्त की देर रात बताया कि जनवरी से अब तक वायरस के कुल 15 मामले सामने आए हैं। इससे 5 मरीजों की मौत हो चुकी है। उधर पुणे में भी जीका वायरस के दो महीने में सात और नए मामले सामने आए हैं। इनमें 6 प्रेग्नेंट महिलाएं शामिल हैं।

### केरल के नए वायरस पर मेडिकल बोर्ड गठित




केरल में अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस का सबसे पहला केस 2016 में आया था। इसके बाद 2019, 2020 और 2022 में एक-एक केस मिला था। इन सभी मरीजों की मौत हो गई थी। इस बीमारी में मरीज को बुखार, सिर दर्द, उल्टी और दिमागी दौरे पड़ते हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि नए वायरस को लेकर मेडिकल बोर्ड गठित किया गया है, जो मामलो पर नजर बनाए हुए है। हालांकि अब तक कोई गाइडलाइन नहीं बनाई गई है। लेकिन वायरस से इलाज के लिए केंद्र सरकार ने दवाइयों की आपूर्ति की है। साथ ही जर्मनी से दवाइयां खरीदी जा रही हैं। इस वायरस के सबसे अधिक 7 केस तिरुवनंतपुरम से सामने आए हैं।

### अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस वायरस क्या है?

इस वायरस को 'प्राइमरी अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस' यानी PAM के नाम से भी जाना जाता है। यह वायरस गंदे पानी में पाए जाने वाले फ्री-लिविंग अमीबा के कारण होता है। यह नाक की पतली त्वचा से शरीर में घुस जाता है। अमेरिका के सेंटर ऑफ डिसीज कंट्रोल के मुताबिक इस वायरस को ब्रेन इटिंग अमीबा भी कहते हैं।

## चुनाव आयोग की टीम जम्मू-कश्मीर पहुंची

### इलेक्शन कमीशन की पॉलिटिकल पार्टियों के साथ बैठक

**एजेंसी । श्रीनगर**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर इलेक्शन कमीशन की टीम आज जम्मू-कश्मीर पहुंची है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार समेत 3 चुनाव आयुक्त ने रीजनल और नेशनल पार्टियों के साथ मीटिंग की। शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (SKICC) में होने वाली मीटिंग के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस, PDP, कांग्रेस और अन्य दलों के नेता पहुंचे। इलेक्शन कमीशन की पुलिस अधिकारियों और सुरक्षाबलों के साथ भी बैठक हुई ।

### आज इलेक्शन कमीशन प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा



9 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे इलेक्शन कमीशन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। इसी साल जून में चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा समेत जम्मू कश्मीर में वोटर लिस्ट अपडेट करने के आदेश जारी किए थे। इस काम को पूरा करने के लिए 20 अगस्त तक की डेडलाइन दी गई थी। दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र शासित प्रदेश में 30 सितंबर 2024 तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। साथ ही कोर्ट ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा भी जल्द वापस दिया जाए।

## वायनाड लैंडस्लाइड में 138 लोग अब भी लापता, 10वें दिन रेस्क्यू जारी

### PM मोदी 10 अगस्त को पीड़ितों से मिलेंगे

**एजेंसी । वायनाड**

केरल के वायनाड में 29 जुलाई की देर रात हुए लैंडस्लाइड में अब भी 138 लोग अब भी लापता हैं। गुरुवार (8 अगस्त) को लगातार 10वें दिन रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे में अब तक 413 लोगों की मौत हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार (10 अगस्त) को पीड़ितों से मिलने वायनाड जाएंगे। प्रधानमंत्री की स्पेशल फ्लाइट कन्नूर में उतरेगी। कन्नूर से PM हेलिकॉप्टर से लैंडस्लाइड प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इसके बाद वह रिलीफ कैंप्स में पीड़ितों से मिलेंगे, जहां 10 हजार से ज्यादा लोग शरण लिए हुए हैं। मोदी के दौरे को लेकर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि, कहा जा रहा है कि PM के दौरे के बाद वायनाड लैंडस्लाइड को राष्ट्रीय आपदा (लेवल-3 डिजास्टर) घोषित किया जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार (7 अगस्त) को लोकसभा में इसकी मांग की थी।

### राहुल-प्रियंका 1 अगस्त को वायनाड गए थे



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी 1 अगस्त को वायनाड पहुंची थीं। यहां उन्होंने 2 दिन तक पीड़ितों से मुलाकात की। साथ ही दिल्ली में वायनाड लैंडस्लाइड का मुद्दा उठाने की बात कही थी। राहुल ने कहा था कि लैंडस्लाइड में केंद्रीय सहायता बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने वायनाड में पीड़ितों के लिए 100 से ज्यादा घर बनाने की भी घोषणा की थी। वायनाड में 29-30 जुलाई देर रात 2 बजे और 4 बजे के करीब मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में लैंडस्लाइड हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गईं।

## दिल्ली कोचिंग हादसे की मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट आई सामने

### रिपोर्ट में राउ IAS बेसमेंट के गलत ढंग से उपयोग के लगाए गए हैं आरोप

### बेसमेंट का गलत इस्तेमाल किया गया, MCD और फायर डिपार्टमेंट ने यह बात छिपाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली के कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से हुई 3 छात्रों की मौत के मामले में मजिस्ट्रेट जांच की रिपोर्ट सामने आई है। बुधवार को राजस्व मंत्री को सौंपी गई रिपोर्ट में राउ IAS बेसमेंट के गलत ढंग से उपयोग के आरोप लगाए गए हैं। जांच में MCD और फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट की लापरवाही भी सामने आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कोचिंग सेंटर की बिल्डिंग में हो रहे नियमों के उल्लंघन के बारे में MCD और फायर बिग्रेड डिपार्टमेंट को पहले से जानकारी थी। इसके बाद भी विभागों की तरफ से कार्रवाई नहीं की गई।




### राउ IAS की बिल्डिंग के बेसमेंट को गलत ठहराया गया था

पिछले साल अगस्त में दिल्ली के मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर में आग लगी थी। इस के बाद राउ IAS की बिल्डिंग के बेसमेंट को गलत ठहराया गया था। हालांकि, इसके बाद भी MCD ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। इस साल 1 जुलाई को भी फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने निरीक्षण किया था। इस रिपोर्ट में भी बेसमेंट में चल रही अवैध लाइब्रेरी की बात छिपाई गई। रिपोर्ट में कहा गया कि कोचिंग सेंटर निचले स्थान पर होने के कारण जलभराव की संभावना पहले से ही थी। इसके बावजूद MCD ने बीते पांच सालों से नालों की सफाई नहीं की।

### CBI ने कोचिंग मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया

इससे पहले CBI ने दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर की राउ कोचिंग के मालिक अभिषेक गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज किया था। CBI की टीम बुधवार (7 अगस्त) को कोचिंग सेंटर पहुंची थी और बेसमेंट की जांच की। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद CBI ने पुलिस से 6 अगस्त को ये केस अपने में हाथ लिया था। CBI से पहले दिल्ली पुलिस ने अभिषेक के खिलाफ FIR दर्ज की थी। कोचिंग हादसा 27 जुलाई की रात को हुआ था। जब छात्र कोचिंग की बेसमेंट की लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे थे, तभी तेजी से बारिश का पानी भर गया और तीन छात्र श्रेया यादव, नेविन डॉल्विन और तान्या सोनी की डूबने से मौत हो गई। इस मामले में अब तक 7 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट में चल रही है।

## रंगे हाथ पकड़ा गया ईडी अधिकारी

### ज्वेलर से 20 लाख की घूस लेते सीबीआई ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक सहायक निदेशक (असिस्टेंट डायरेक्टर) को मुंबई के एक ज्वेलर से 20 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। सीबीआई के अनुसार, ईडी ने 3 और 4 अगस्त को ज्वेलर के परिसरों पर छापेमारी की थी, जिसके बाद सहायक निदेशक संदीप सिंह यादव ने ज्वेलर के बेटे को 25 लाख रुपए का भुगतान नहीं करने पर गिरफ्तार करने की कथित तौर पर धमकी दी थी। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि बातचीत के दौरान ईडी अधिकारी ने रकम घटाकर 20 लाख रुपए कर दी। उन्होंने बताया कि संदीप यादव, जो केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अधिकारी हैं, को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है।




### बेटे को बचाने के लिए मांगी घूस

ईडी अधिकारी ने एजेंसी द्वारा दर्ज केस में ज्वेलर के बेटे को राहत देने के लिए उससे पहले 25 लाख की रिश्वत मांगी। हालांकि बाद में बातचीत के बाद 20 लाख रुपए पर सहमति बनी। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईडी अधिकारी को दिल्ली के पॉश इलाके लाजपत नगर से गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई को ईडी के एक अधिकारी द्वारा घूस मांगे जाने को लेकर शिकायत मिली। जिसके आधार पर केंद्रीय एजेंसी ने जाल बिछाया और अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि सीबीआई ईडी अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया में है। बता दें कि इससे पहले अगस्त 2023 में सीबीआई ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में दिल्ली के बिजनेसमैन अमन ढल्ल को बचाने के लिए 5 करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में ईडी के एक असिस्टेंट डायरेक्टर सहित छह अन्य अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।